ज्ञानामृत

मनुष्य जितना ज्ञान में घुल गया हो उतना ही कर्म के रंग में रंग जाता है।

विनोबा भावे

राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | भोपाल, बुधवार, 21 मई 2025 | वर्ष- 10 | अंक- 156 | पेज- 08 | मूल्य- ₹5.00/-

## न्यूज इन शॉर्ट

### न्यायिक हिरासत में भेजे गए प्रो. अली, हरियाणा महिला आयोग अध्यक्ष ने लगाए गंभीर आरोप

सोनीपत, एजेंसी। हरियाणा के सोनीपत स्थित अशोका यूनिवर्सिटी के सहायक प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय सेना की महिला कर्नल



सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मंगलवार को पुलिस ने प्रोफेसर अली खान को अदालत में पेश किया। पुलिस ने पुलिस ने प्रोफेसर के सात दिन के अतिरिक्त रिमांड की मांग की थी, लेकिन अदालत ने उन्हें जेल भेजने का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 27 मई को होगी। हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने अशोका यूनिवर्सिटी में कंडोम वेंडिंग मशीन होने का सनसनीखेज खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी में सैनेटरी पैड की मशीन होनी चाहिए, लेकिन कंडोम वेंडिंग मशीन लगी होना शर्मनाक है। 17 साल के बच्चे वहां पढ़ते हैं और ऐसी मशीनें गलत संदेश देती हैं। भाटिया ने दावा किया कि उनके पास यूनिवर्सिटी की तरफ से लिखित में दी गई जानकारी है, जिसमें कंडोम मशीन की मौजूदगी की पुष्टि की गई है।

### अक्षय कुमार ठोकेंगे परेश रावल पर 25 करोड़ का हर्जाना ! प्रोडक्शन हाउस बोला- बर्दाश्त नहीं करेंगे


नई दिल्ली, एजेंसी। कॉमेडी सीक्वल 'हेरा फेरी 3' एक बार



फिर से विवादों में घिर गई है। फ्रेंचाइजी में बाबूराव की भूमिका निभाने वाले अभिनेता परेश रावल ने पिछले हफ्ते घोषणा की कि वह इस फिल्म का हिस्सा नहीं है। उनके इस एलान ने सभी को चौंका दिया। साथ ही उनके प्रशंसकों को काफी निराशा हुई। अब इस मामले ने एक कानूनी मोड़ ले लिया है। अक्षय कुमार की प्रोडक्शन कंपनी ने परेश रावल को नोटिस भेजकर हर्जाने की मांग की है। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक अक्षय कुमार की प्रोडक्शन कंपनी केप ऑफ गुड फिल्म्स ने परेश रावल को कानूनी नोटिस भेजकर 25 करोड़ रुपये का हर्जाना मांगा है। प्रोडक्शन हाउस का दावा है कि कॉन्ट्रैक्ट साइन करने और शूटिंग शुरू करने के बाद रावल ने काम छोड़कर गैर-पेशेवर तरीके से काम किया है।

### महाराष्ट्र सरकार का नया नियम, पहले पार्किंग दिखाओ, फिर गाड़ी खरीदो

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने सोमवार को एक बड़ा एलान किया। उन्होंने कहा कि अब



राज्य में कोई भी नया वाहन रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) तभी होगा जब खरीदार नगर निकाय से पार्किंग स्पेस मिलने का प्रमाण दिखाएगा। यानी अब अगर आपके पास गाड़ी रखने की जगह नहीं है, तो गाड़ी खरीदना भी मुश्किल हो जाएगा। यह फैसला मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (एमएमआर) में लगातार बढ़ रही पार्किंग की समस्या को देखते हुए लिया गया है। सोमवार को राज्य की नई पार्किंग पॉलिसी को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक हुई, जिसके बाद यह घोषणा की गई। मंत्री सरनाईक ने कहा, हम राज्य में नए पार्किंग स्पॉट बनाने की योजना बना रहे हैं। डेवलपमेंट के नियमों का पालन होना चाहिए और फ्लैट बनाते समय बिल्डरों को पार्किंग स्पेस देना जरूरी होगा। अगर खरीदार के पास नगर निकाय से मिला पार्किंग अलॉटमेंट सर्टिफिकेट नहीं है, तो उनकी गाड़ी रजिस्टर नहीं की जाएगी।

## राजबाड़ा में मोहन कैबिनेट में दिखा संस्कृति, जनहित में योजनाओं और सर्वांगीण विकास का त्रिवेणी संगम

# सड़क हादसों में घायलों की मदद करने वाले बनेंगे 'राहवीर', मिलेगी 25 हजार रुपए की सम्मान राशि

विजय मत, ब्यूरो इंदौर

मध्यप्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक इस बार अपने अंदाज और फैसलों दोनों के लिए ऐतिहासिक रही। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में राजवाड़ा के दरबार हॉल में वंदे मातरम् के गायन के साथ मंत्रि-परिषद की शुरुआत हुई। बैठक में आमजन की सुरक्षा, नगरीय विकास, महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक संरक्षण और युवाओं के कौशल विकास को लेकर एक के बाद एक बड़े फैसले लिए गए। सरकार ने सड़क हादसों में घायलों की मदद करने वालों को अब 'राहवीर' की उपाधि देने का फैसला लिया है। ये व्यक्ति न केवल समाज में मान-सम्मान पाएंगे बल्कि उन्हें 25 हजार रुपये की राशि भी दी जाएगी। यह योजना समाज में परोपकार और संवेदनशीलता को बढ़ावा देने की एक पहल मानी जा रही है।

### महानगर विकास प्राधिकरण का गठन

बैठक में निर्णय लिया गया कि भोपाल और इंदौर में महानगर विकास प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। इसके लिए "मध्यप्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम-2025" को स्वीकृति दी गई है। इसके अंतर्गत इंदौर-उज्जैन-देवास-धार और भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा जैसे क्षेत्रों में सुनियोजित नगरीय विकास सुनिश्चित किया जाएगा। यह अधिनियम 10 लाख से अधिक आबादी वाले क्षेत्रों के लिए समर्पित है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अधोसंरचना विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।




### स्वच्छता मिशन को नया जीवन

मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता मिशन को 2028-29 तक बढ़ाया गया है। योजना में 227 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। इस राशि से नगरीय निकायों को डी-स्लजिंग वाहन, सफाई उपकरण, पीपीई किट जैसे संसाधनों से सुसज्जित किया जाएगा। यह कार्यक्र म राज्य की स्वच्छता व्यवस्था को तकनीकी रूप से सशक्त बनाएगा।

### ओंकारेश्वर में अद्वैत लोक

आचार्य शंकर की जन्मस्थली ओंकारेश्वर में 'एकात्म धाम परियोजना' के अंतर्गत 'अद्वैत लोक' संग्रहालय के निर्माण के लिए 2195 करोड़ रुपये से अधिक की पुनरीक्षित स्वीकृति दी गई है। यह संग्रहालय भारत की सांस्कृतिक चेतना, अद्वैत वेदांत दर्शन और शंकराचार्य के जीवन को समर्पित होगा। इसे 'ग्लोबल सेंटर ऑफ वननेस' के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें सौर ऊर्जा, जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ी सौगात

सरकार ने इंदौर के महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय परिसर और रीवा के श्याम शाह मेडिकल कॉलेज के उन्नयन के लिए 1,095 करोड़ रुपये से अधिक की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। इससे मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा सुधार होगा, जिससे प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत होंगी।

**लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को समर्पित योजनाएं...** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती वर्ष पर आयोजित इस बैठक में उनके नाम पर कई घोषणाएं हुईं। 'लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर प्रशिक्षण कार्यक्र म योजना' को सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई। इस योजना के अंतर्गत युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाएगा। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को ऋण ब्याज पर प्रति वर्ष 1,000 रुपये तक की छूट और अधिकतम 10,000 रुपये तक की जीवनभर की छूट दी जाएगी। हर साल 100 करोड़ रुपये इस योजना पर खर्च किए जाएंगे।

**प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियां और घोषणाएं...** बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 मई को दतिया और सतना एयरपोर्ट के साथ इंदौर मेट्रो का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद 30 मई को भोपाल में दो लाख महिलाओं को संबोधित करेंगे। इस मौके पर महिला कामगारों के लिए नए आवासों की भी घोषणा की गई है।

**कामकाजी महिलाओं के लिए वर्किंग वीमेन हॉस्टल...** प्रदेश सरकार ने औद्योगिक क्षेत्रों में महिला कामगारों की सुविधा के लिए चार जिलों—उज्जैन, धार, भिंड और रायसेन—में 249 करोड़ 66 लाख रुपये की लागत से 26 वर्किंग वीमेन हॉस्टल्स के निर्माण की स्वीकृति दी है। इनमें प्रत्येक में 222 बेड होंगे और कुल 5,572 महिलाओं को आवासीय सुविधा मिलेगी। हॉस्टलों में आधुनिक सुविधाएं, रियायती भोजन, बच्चों के लिए झूला घर और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए स्थल भी होंगे।



### मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों संग किया संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर के राजवाड़ा में होने वाली ऐतिहासिक कैबिनेट बैठक के पहले होल्कर साइंस कॉलेज का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने हार्टिकल्चर लैब का अवलोकन एवं फिजिकल एजुकेशन विंग के विद्यार्थियों से चर्चा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने होल्कर साइंस कॉलेज में विद्यार्थियों से संवाद किया। यह क्षण विद्यार्थियों के लिए शुभाशीष से कम नहीं था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अपने सामने पाकर विद्यार्थियों के चेहरे की खुशी अलग ही दिख रही थी, चारों तरफ खुशी का माहौल था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से संवाद के दौरान विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगा कर पढ़ाई करने एवं खेल कूद गतिविधियों में सहभागिता करने के लिये प्रेरित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं, विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल गतिविधियों में सुविधाओं का विस्तार कर रही है। हमारे होनहार खिलाड़ियों ने प्रदेश का नाम रोशन किया है।

## पहलगाम आतंकी हमले पर खरगे ने केंद्र को घेरा

# ऑपरेशन सिंदूर को बताया छोटा सा युद्ध

विजयनगर, एजेंसी



पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को छोटा सा युद्ध बताया। कर्नाटक में कांग्रेस की समर्पण-संकल्प रैली को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पहलगाम में 26 लोग इसलिए मारे गए क्योंकि मोदी सरकार ने वहां पर्यटकों को सुरक्षा मुहैया नहीं कराई। मोदी कश्मीर नहीं गए क्योंकि खुफिया एजेंसियों ने उन्हें ऐसा करने से मना किया था। केंद्र सरकार ने पर्यटकों से पहलगाम न जाने के लिए क्यों नहीं कहा? अगर उन्हें बताया गया होता, तो 26 लोगों की जान बचाई जा सकती थी। ऑपरेशन सिंदूर तो छोटा सा युद्ध है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के ऑपरेशन सिंदूर को छोटा युद्ध बताने वाले बयान पर भाजपा सांसद संबित पात्रा ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पाकिस्तान को ऑक्सीजन देने का काम करती है। सब जानते हैं कि हाफिज राहुल गांधी को क्यों पसंद करते हैं? कांग्रेस पार्टी और खरगे कह रहे हैं कि ऑपरेशन सिंदूर एक छोटा युद्ध है।

## 100 से अधिक हत्या करने वाला डॉक्टर डेथ गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

100 से अधिक हत्या करने वाले डॉक्टर डेथ को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने राजस्थान के दौसा से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव पुरैनी, अलीगढ़, यूपी निवासी डॉ. देवेंद्र कुमार शर्मा उर्फ डॉक्टर डेथ (67) के रूप में हुई है। आरोपी ने वर्ष 1995 से 2004 के बीच अपने गैंग के साथ मिलकर अनगिनत हत्याओं को अंजाम दिया। वर्ष 1998 से 2004 के बीच इसने 125 लोगों का अवैध रूप से डॉ. अमित के साथ मिलकर किडनी ट्रांसप्लांट भी करवाया। 2004 में इसकी गिरफ्तारी के बाद सीरियल किलिंग व किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का खुलासा हुआ।

## विश्व स्वास्थ्य सभा के 78वें सत्र में बोले पीएम मोदी

# स्वस्थ विश्व का भविष्य समावेशिता पर निर्भर

नई दिल्ली, एजेंसी



पीएम नरेंद्र मोदी ने जेनेवा में चल रहे विश्व स्वास्थ्य सभा के 78वें सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य के लिए एक विश्व के मुद्दे पर बात की। पीएम मोदी ने कहा कि स्वस्थ विश्व का भविष्य समावेशिता, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है। समावेशिता भारत के मूल में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस साल विश्व स्वास्थ्य सभा का विषय स्वास्थ्य के लिए एक विश्व है। यह वैश्विक स्वास्थ्य के लिए भारत के दृष्टिकोण से मिलता जुलता है। जब मैंने 2023 में इस सभा को संबोधित किया था, तो मैंने एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ विश्व का भविष्य समावेशिता, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है। समावेशिता भारत के स्वास्थ्य सुधारों के मूल में है। उन्होंने कहा कि हमारी आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। इसमें 580 मिलियन लोग शामिल हैं और इनको मुफ्त इलाज प्रदान किया जाता है। इस कार्यक्रम को हाल ही में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी भारतीयों को शामिल करने के लिए बनाया गया है। भारत के पास हजारों स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों का नेटवर्क है। वे कैंसर, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों की जांच और पता लगाते हैं। हजारों सार्वजनिक फार्मासिस्ट बाजार मूल्य से बहुत कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाइयां उपलब्ध कराते हैं।

## अरबों में खेलने वाले बायजूस के मालिकों के पास वकील की फीस के पैसे तक नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी




बायजूस का कभी डंका बजता था। यह एड-टेक फर्म 22 अरब डॉलर (करीब 1.88 लाख करोड़) की हुआ करती थी। अब इसकी हालत खस्ता है। नौबत यहां तक आ गई है कि उसके संस्थापकों के पास वकील करने तक का पैसा नहीं है। बायजूस की को-फाउंडर दिव्या गोकुलनाथ ने यह सनसनीखेज खुलासा किया है। दिव्या का कहना है कि उनके पास अमेरिका में वकील करने के लिए पैसे नहीं हैं। उन्होंने बताया कि वकील 10 लाख डॉलर मांग रहे हैं। यह भी कहा कि अगर उनके पास 53.3 करोड़ डॉलर होते तो यह स्थिति नहीं होती। वह और उनके पति बायजू रवींद्रन कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं।

## शुरुआती बढ़त गंवाकर फिसला बाजार

# निवेशकों के डूबे 5.64 लाख करोड़ रुपए

मुंबई, एजेंसी

बीएसई मार्केट कैपिटलाइजेशन एक दिन पहले 443.67 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया था, लेकिन मंगलवार को गिरावट के बाद यह घटकर 438.03 लाख करोड़ रुपये पर आ गया. यानी निवेशकों के वैल्यूवेशन में 5.64 लाख करोड़ रुपये की कमी आई है। घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को उतार-चढ़ाव के साथ लगातार तीसरे दिन लाल निशान पर क्लोजिंग हुई। शुरुआती बढ़त गंवाकर बेंचमार्क सूचकांक नीचे फिसल गए। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स में 873 अंक की गिरावट दर्ज की गई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 872.98 अंक या 1.06 प्रतिशत गिरकर 81,186.44 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 905.72 अंक या 1.10 प्रतिशत गिरकर 81,153.70 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 261.55 अंक या 1.05




प्रतिशत गिरकर 24,683.90 पर आ गया।डॉलर के मुकाबले रुपया 21 पैसे की गिरावट के साथ 85.63 रुपये के भाव पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स और निफ्टी में 1 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक जैसे ब्लू चिप्स कंपनियों में बिकवाली के चलते बाजार नीचे आया। बीएसई पर लिस्टेड सभी कंपनियों का मार्केट कैप मंगलवार को 5.13 लाख करोड़ रुपये घटकर 438.54 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

## पंजाब में छह आतंकी गिरफ्तार बटाला में फेंका था ग्रेनेड

चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब के बटाला में पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। बटाला पुलिस ने खालिस्तान समर्थित आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह मॉड्यूल विदेश में बैठे बीकेआई आतंकी मनिंदर बिल्ला और मनु अगवान ऑपरेट किया जा रहा था। इस मॉड्यूल को आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा के निर्देश पर संचालित किया जा रहा था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में जतिन कुमार उर्फ रोहन, बरिंदर सिंह उर्फ सज्जन, राहुल मसीह, अब्राहम उर्फ रोहित, सोहित और सुनील कुमार शामिल हैं। सभी बटाला के रहने वाले हैं। इन आरोपियों ने बटाला में शराब के ठेके के बाहर ग्रेनेड हमले की कोशिश की थी। आरोपी वहां ग्रेनेड फेंक गए थे, लेकिन ग्रेनेड फटा नहीं। जतिन ही शराब के ठेके पर ग्रेनेड हमले का मुख्य आरोपी है।

# देश के 11 राज्यों में फैला कोरोना महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा खतरा

नई दिल्ली, एजेंसी



कोरोना वायरस का नया स्ट्रेन अब तक 257 लोगों को अपनी चपेट में ले चुका है और इसका असर देश की राजधानी दिल्ली सहित 11 राज्यों तक हो चुका है। इससे स्वास्थ्य एजेंसियां एक बार फिर सक्रिय हो गई हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना के नए स्ट्रेन की अब तक की संक्रामकता से यह संभावना दिखाई दे रही है कि यह कोविड 19 के पहले और दूसरे म्यूटेशन की तरह बहुत संक्रामक नहीं हो सकता है।

फिर भी अन्य बीमारियों से जूझ रहे लोगों पर इसका नकारात्मक असर दिखाई दे सकता है। अन्य बीमारियों सेजूझ रहे लोगों को सतर्क रहना चाहिए और कोई भी लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सकों से परामर्श करना चाहिए। केंद्रीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, कोरोना की स्थिति नियंत्रण में है। सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और आईसीएमआर के अधिकारियों की बैठक में स्थिति के सभी पहलुओं पर विचार किया गया है। अब तक दर्ज किए गए सभी केस मध्यम कैटेगरी के हैं और गंभीर कैटेगरी में कोई मरीज दर्ज नहीं किया गया है।

सरकार के अनुसार, स्थिति को देखते हुए जांच और निगरानी की सक्रियता बढ़ा दी गई है और चिंता करने वाली कोई बात नहीं है। देश के पास किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरे इंतजाम हैं। लेकिन इसके बाद भी सच्चाई यह है कि कोरोना देश के 11 राज्यों में फैल चुका है। इसमें दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, केरल, तमिलनाडु, हरियाणा, पुडुचेरी, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, राजस्थान और कर्नाटक शामिल हैं।

**विजय मत एंकर**

## वक्फ कानून पर केंद्र सरकार की सुप्रीम कोर्ट से अपील

# तीन मुद्दों तक ही सीमित रखें अंतरिम आदेश के लिए सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से अपील की कि वे वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर कोई आंतरिम आदेश पारित करते हैं तो तीन मुद्दों तक इसे सीमित रखें। सरकार ने जिन मुद्दों पर सुनवाई सीमित रखने की अपील की है, उनमें एक मुद्दा है अदालत द्वारा घोषित, वक्फ बाय यूजर या वक्फ बाय डीड संपत्ति को डी-नोटिफाई करने का है। दूसरा मुद्दा केंद्रीय और प्रदेश वक्फ बोर्ड के गठन से जुड़ा है, जिनमें गैर मुस्लिमों को शामिल किए जाने का विरोध हो रहा है। तीसरा मुद्दा वक्फ कानून के उस प्रावधान से जुड़ा है, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा जांच और उसकी मंजूरी के बाद ही किसी संपत्ति को वक्फ संपत्ति घोषित किया जाएगा।



### सिविल जज बनने के लिए तीन साल बतौर वकील प्रैक्टिस जरूरी, सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि सिविल जज जूनियर डिविजन के पद के लिए उम्मीदवार अब सीधे परीक्षा पास कर नियुक्त नहीं हो सकेंगे और उन्हें तीन साल कम से कम बतौर वकील प्रैक्टिस करना जरूरी है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस एजी मसीह और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि देखा गया है कि जो नए कानून स्नातक न्यायपालिका में नियुक्त होते हैं, उनके चलते कई समस्याएं हुई हैं। ऐसे में सभी उम्मीदवारों को न्यायपालिका में दाखिल होने के लिए कम से कम तीन साल बतौर वकील प्रैक्टिस करना जरूरी होगा।

### 'हर जिले में नियुक्त करें संरक्षण अधिकारी..', कोर्ट का राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) को निर्देश दिया कि वे जिला और तालुका स्तर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की पहचान करें और उन्हें संरक्षण अधिकारी के रूप में नियुक्त करें। सरक्षण अधिकारी का काम घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करना है। जस्टिस बी.वी.नागरत्ना और जस्टिस सत्येश चंद्र शर्मा की बेंच ने राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और महिला एव बाल/समाज कल्याण विभागों के सचिवों को निर्देश दिया कि वे घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत अधिकारियों की संरक्षण अधिकारी के रूप में नियुक्ति सुनिश्चित करें।

### न्यूज इन शॉर्ट



## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्यायें

उमरिया। साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले के दूर दराज से आये लोगों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों को संबंधित विभाग की ओर प्रेषित करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए । जनसुनवाई में मनोज मिश्रा ग्राम दमोय ने राशन दुकान से राशन दिलाने, जगदीश पटेल ग्राम असोढ़ ने भूमियों का हिस्सा बांट कराने, राजेश पुरोहित, गुलाबचंद , राज कुमार , सुरेश ग्राम रायपुर ने बिजली के तार चोरी करने वालो के विरूध्द कार्यवाही किए जाने, अरविंद कुमार निगम ग्राम बडछड ने भू राजस्व रिकार्ड में नाम सुधरवाने, नीलू साहू चंदिया ने राशन कार्ड तथा आयुष्मान कार्ड बनाये जाने, विजय कोल , नानबूंदी बसोर ग्राम सिगुडी ने वनाधिकार के तहत पट्टा दिये जाने, कल्याण बाई ग्राम देवरी ने पति की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर सहायता राशि उपलब्ध कराने तथा सेवा चौधरी चंदिया ने अवैध निर्माण होने पर रोक लगाए जाने संबंध आवेदन दिया । जनसुनवाई में अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, सीईओ जनपद पंचायत करकेली हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारियों ने भी आम जनों की समस्याओं को सुना ।

## हाथी का रेस्क्यू करने तीस सदस्यीय टीम शहडोल रवाना

उमरिया। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने क्षेत्र में अलर्ट जारी कर जंगलों में गश्त बढ़ा दी है। मंगलवार को तीस सदस्यीय रेस्क्यू टीम को पिंजरा के साथ दो हाथी तीन ट्रकों से शहडोल जिले के लिए रवाना किया गया। शहडोल जिले के ब्यौहारी क्षेत्र में जंगली हाथियों के हमले से तीन ग्रामीणों की मौत के बाद वन विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। सोमवार को सनौसी और डोडा के जंगल में हुई इस घटना के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जांच के निर्देश दिए। वन विभाग ने आठ सदस्यीय विशेष टीम का गठन किया है। इसमें संजय टाइगर रिजर्व और बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक, उपसंचालक और डॉक्टर शामिल हैं। रेस्क्यू के लिए दो हाथियों को चिन्हित किया गया है। संजय टाइगर रिजर्व की टीम इन हाथियों पर निगरानी रख रही है। विशेषज्ञों के मुताबिक, हाथियों को छेड़ने, खदेड़ने या परेशान करने पर वे आक्रामक हो जाते हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उपसंचालक पीके वर्मा ने कहा कि रेस्क्यू टीम पूरी तरह तैयार है और सतर्क निगरानी के साथ रेस्क्यू अभियान चलाया जाएगा।शहडोल से रेस्क्यू किये जा रहे हाथी को बांधवगढ में रखा जाएगा।

## बिजली का तार चोरी करने वालो के विरूध्द सख्त कार्यवाही किये जाने की गई मांग

उमरिया। साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यकम्र में राजेश पुरोहित , रमेश, गुलाबचंद अग्रवाल, राजकुमार विश्वकर्मा , सुरेश सिंह , उजरिया बाई सिंह , गोपाल पुरोहित , रामायण कुशवाहा , रामा प्रमाद निवासी चंदिया सहित अन्य जनों ने बताया कि रामपुर पिपरिया सुरेश सिंह गोंड के खेत में एग्रीकल्चर का ट्रांसफार्मर एवं सप्लाई लाइन (तार) लगी थी जिसे अज्ञात चोरो ने करीब 10 पोल की तार करीब आधा किलोमीटर लम्बी चार परत सिल्वर की तार चोरी करके निकाल ले गये है। जिस कारण हम किसानो की विद्युत व्यवस्था ठप्प हो गई है और आगे की खेती करने हेतु लाईट की व्यवस्था बिगड गई है जिसके खेत में ट्रांसफार्मर तार लगी थी उसने शायद उन चोरो को देखा है लेकिन भयवश रिपोर्ट करने की हिम्मत नहीं हुई इस कारण चोरो के हौसले बुलंद है हमे शंका है कि और भी चोरी की घटनाओ में ऐसे लोग शामिल रहते है। उन्होने मांग की है कि शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुये डी पूँछताछ व जॉच करते हुये अतिशीघ्र अपराधियों पर कार्यवाही की जाए।

## वनाधिकार अधिनियम 2006 के संबंध में संभाग स्तरीय कार्यशाला 22 एवं 23 मई को रीवा में

उमरिया। संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग तथा अनुसूचित जाति विकास श्रीमती ऊषा सिंह ने बताया है कि वनाधिकार अधिनियम 2006 के संबंध में संभाग स्तरीय कार्यशाला 22 एवं 23 मई 2025 को रीवा में विंध्या रिट्रीट आरटीओ कार्यालय के पीछे रतहरा तिराहा रीवा में आयोजित की गई है। इस कार्यशाला में रीवा एवं शहडोल संभाग के प्रतिभागी सम्मिलित होंगे।

## टैलेन्ट सर्च बैटरी टेस्ट के माध्यम से मिनी, जूनियर, सीनियर वर्गों में खिलाड़ी चयन पूर्ण किया जाएगा

उमरिया। प्राचार्य बालक क्रीड़ा परिसर ने बताया कि वर्ष 2025-26 में बालक क्रीड़ा परिसर उमरिया (भरौला), जिला उमरिया में जनजातीय वर्ग के प्रवेश प्रक्रिया टैलेन्ट सर्च बैटरी टेस्ट एवं प्रतियोगिता के माध्यम से मिनी, जूनियर, सीनियर वर्गों में खिलाडी चयन कर पूर्ण किया जाना है। बालक क्रीड़ा परिसर उमरिया में विद्यार्थियों का प्रवेश संचालित खेल विधा बॉक्सिंग एवं हॉकी में विकास खण्ड एवं जिला स्तर पर शिविर आयोजित कर कक्षा 6वी से 9वी तक के विद्यार्थी खिलाडियो का चयन किया जाएगा। कक्षा 9वी के बाद के खिलाडी का चयन राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खेल परिणाम के आधार पर किया जाएगा। मिनी समूह में 11 से 14 वर्ष विद्यार्थी को, जूनियर समूह में 14 से 16 वर्ष के विद्यार्थीयों को एवं सीनियर समूह में 16 से 18 वर्ष के विद्यार्थियों को रखकर चयन किया जाएगा।

### यह कार्यक्रम गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को सुरक्षित और सम्मानजनक देखभाल प्रदान करता है

# सीएमएचओ ने लक्ष्य कार्यक्रम के असेसमेंट तैयारी का किया अवलोकन




**विजय मत, उमरिया**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस बी चौधरी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर का भ्रमण कर लक्ष्य कार्यक्रम का अवलोकन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एस बी चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के तहत लक्ष्य कार्यक्रम का उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में प्रसव के दौरान देखभाल की गुणवत्ता में सुधार करना है, जिससे मातृ और नवजात मृत्यु दर में कमी आए. यह कार्यक्रम गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को सुरक्षित और सम्मानजनक देखभाल प्रदान करता है। लक्ष्य कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य मातृ और नवजात मृत्यु दर में कमी, प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को कम करके और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना,. प्रसूति देखभाल की गुणवत्ता में सुधार, प्रसव कक्ष, प्रसूति ऑपरेशन थियेटर और प्रसूति में बेहतर सुविधाओं और तकनीकों का उपयोग करना. सम्मानजनक मातृत्व देखभाल सभी गर्भवती महिलाओं को सम्मानजनक और व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करना है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने प्रसव कक्ष, प्रसूति ऑपरेशन थियेटर और आवश्यक उपकरण और सुविधाएँ उपलब्ध कराना उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर में लक्ष्य कार्यक्रम का असेसमेंट के पूर्व स्वास्थ्य अमले तथा नूरा के दीपक अधिकारी द्वारा कराई जा तैयारी का अवलोकन के चिन्हांकित कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। अस्पताल में विद्युत व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, दुरस्त रखने, भर्ती मरीजों को आवश्यक दवाईयां, भोजन समय से उपलब्ध कराया जाय, चिकित्सकों द्वारा रोज अस्पताल में भर्ती मरीजों का सुबह और शाम राउंड लेकर इलाज करवाया जाना हेतु निर्देशित किया गया भ्रमण के दौरान जिला मूल्यांकन एवं अनुश्रवण अधिकारी श्रीमती प्रजीत कौर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जैसल बी इ इ शंकर काले स्टोर कीपर ओम गुप्ता एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## सक्षम कार्यक्रम' के अंतर्गत संचालित 10 दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

**विजय मत, उमरिया**

सक्षम कार्यक्रम अंतर्गत संचालित 10 दिवसीय समर कैंप का समापन कार्यक्रम कैंप कम्युनिटी यूथ लीडर सुजल विश्वकर्मा द्वारा समुदाय में वार्ड नंबर 01 सूखा में आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को जीवन कौशल, रचनात्मक गतिविधियाँ एवं टीमवर्क सिखाया गया।समर कैंप में 6 से 18 वर्ष के बच्चों ने भाग लिया। कैंप का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, संवाद कौशल और नेतृत्व क्षमता का विकास करना था। सीवायएल ने अपनी नेतृत्व क्षमता दिखाते हुए पूरे कैंप का आयोजन सफ्लतापूर्वक किया। बच्चों ने खेल, चित्रकला, समूह चर्चा और कहानी लेखन जैसी गतिविधियों में भाग लिया। जीवन कौशल के तहत निर्णय लेना, समस्या समाधान, भावनात्मक समझ आदि विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। कैंप के माध्यम से बच्चों को सामाजिक व्यवहार और अनुशासन भी सिखाया गया। स्थानीय अभिभावकों ने भी कैंप में आकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। समापन समारोह में बच्चों द्वारा सांस्:तिक प्रस्तुतियाँ दी गईं और सीखी गई बातों को साझा किया गया। सीवायएल द्वारा तैयार की गई गतिविधियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। कैंप ने बच्चों को छुट्टियों में रचनात्मक ढंग से समय बिताने का अवसर दिया और सीवायएल की समुदाय में भूमिका को और मजबूत किया। समर कैंप सक्षम कार्यक्रम की सफ्लता और युवा नेतृत्व की मिसाल बन गया । कार्यक्रम के समापन में वार्ड नंबर एक की पार्षद सोना सिंह तथा तरुण सेवा समिति प्रमुख .ष्णा विश्वकर्मा जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक पुष्पा मैडम व सक्षम प्रोग्राम के ब्लॉक मैनेजर संदीप शुक्ला इन सब के द्वारा बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु बच्चों को कॉपी पेन मारकर व ट्रॉफी वितरण कर समर कैंप का समापन किया गया ।



## पानी में डूब जाने के कारण मृत्यु सहायता राशि दिलाये जाने की गई मांग

उमरियां। साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में कल्याण बाई पति लालमणि सिंह ग्राम देवरी तहसील मानपुर ने कलेक्टर से मुलाकात करते हुए बताया कि पति लालमणि सिंह 24 दिसंबर 2024 को शाम करीब 4 बजे बहरा घटवा तालाब में नहाने गए थे अचानक पैर फिसल जाने से पानी में डूब गए जिससे उनकी मृत्यु हो गई जिसकी सूचना थाना मानपुर मे मेरे द्वारा दी गई जिसके बाद पुलिस के द्वारा शरीर को निकाला गया एवं जांच, पी एम पंचनामा स्वास्थ्य केंद्र मानपुर में कराया गया तत्पश्चात अंतिम संस्कार के लिए मुझे पार्थिव शरीर सौंप दिया गया जिसका रीति रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया गया कुछ दिन बाद हल्का पटवारी द्वारा जांच भी किया जा चुकी है। जिसका आवेदन मानपुर लोक सेवा केंद्र में किया जा चुका है जो की उपखंड अधिकारी मानपुर से अभी तक मुझे किसी भी प्रकार की सहायता राशि नहीं मिली है।

## बिना फिटनेस और परमिट के चल रहे वाहनों पर आरटीओ ने की कार्यवाही




**विजय मत, उमरिया**

जिला मुख्यालय के मुख्य मार्गो में बिना फिटनेस एवं परमिट के दौड़ रहे वाहनों के ऊपर जिला परिवहन अधिकारी ने मंगलवार को कड़ी कार्यवाही की है। परिवहन अधिकारी एवं उनकी टीम ने मंगलवार को सुबह से ही धरपकड़ की कार्यवाही शुरू की जिस दौरान उमरिया से मानपुर मार्ग पर 4 स्कूल बसों एवं 12 लोक सेवा वाहनों पब्लिक बसों की जांच की गई जिसमें 4 पब्लिक बसों का बिना परमिट संचालन होना पाया गया है, जिला परिवहन अधिकारी ने चारों वाहनों के ऊपर 40000 रुपए एवं 1 बस की फिटनेस न पाए जाने पर 5000 रुपए एवं 2 पिकअप का फिटनेस न होने पर 6000 एवं 1 ऑटो का परमिट न होने पर 2000 रुपए कुल 53000 रुपए की चालानी कार्यवाही करते हुए शमन शुल्क वसूल किया गया।जिला परिवहन अधिकारी ने बताया है कि यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## बनवेई नदी किनारे मिला युवक युवती का शव



**विजय मत, उमरिया**

मानपुर से महज दो किमी दूर ( चरणगंगा नदी के आगे )बनवेई नदी से सटी झाड़ियों में मिली युवक एवं युवती का शव मिलने का समाचार प्रकाश में आया है। युवक की पहचान शिवम पिता संतोष साहू उम्र 24 निवासी दुलहरा एवं युवती की पहचान मनोरमा पिता अनिल बर्मा उम्र 19 वर्ष निवासी मानपुर के रूप में हुई है । दोनों की मौत किन परिस्थितियों में हुई है, इसका कारण अज्ञात है। घटना की जानकारी के बाद घटना स्थल मानपुर पुलिस पहुंची और ज़रूरी कार्यवाही कर रही है। बताया जाता है कि युवक एवं युवती दोनों पिछले चार से पांच दिनों से लापता थे,ऐसे में सन्दिग्ध परिस्थितियों में इन दोनों का शव मिलना गम्भीर अपराध की ओर इंगित करता है। बताया जाता है कि घटना स्थल पर इन दोनों का शव करीब 50 मीटर की दूरी पर है,इसके अलावा खबर यह भी है कि दोनो की मौत के बाद मांसाहार जानवरो ने मृत इंसानी भक्षण भी किया है,जिससे शरीर का कई अंग शव से पृथक भी है।मानपुर क्षेत्र में अंधी हत्याओं का बढ़ता ग्राफ बड़े सवाल खड़ा कर रहा है।अभी हाल के महीनों में ग्राम नरवार में शिकारियों द्वारा फैलाये गए करेंट से दो युवकों की मौत और उसके बाद ग्राम खिचकीड़ी में चतुर्भुज मंदिर के नज़दीक धारदार हथियार से शहडोल जिले के युवक की नृशंश हत्या सामने आई है,उसके बाद अब इन दोनों की सन्दिग्ध मौत बड़ा सवाल है।

## भूमि स्थित बोर वेल नस्ट कर पेड़ पौधे को जेसीबी से कर दिया तहस नहस


उमरिया। साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में ब्रजेन्द्र नाथ शुक्ला पिता विजय शंकर शुक्ला निवासी चंदिया वार्ड नंबर 01 ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि मेरी भूमि आराजी खसरा नंबर 1172/2/2 , 1173/2, 1175/2, 1215/2 को राजस्व रिकार्ड में मेरे दर्ज है जिसमे मेरा कच्चा मकान बना हुआ है वा एक बोर वेल तथा पेड़ पौधे भी लगा हुआ है जिसमे जतिन तिवारी निवासी कौड़िया वा सुनील मिश्रा कटनी, पिंटू मौर्य निवासी कटनी, जेसीबी वाला भाईजान निवासी चंदिया के द्वारा 27 मई 2025 को जेसीबी द्वारा नस्ट कर के जबरन कब्ज़ा किया जा रहा है , इससे मेरी संपत्ति का एक लाख का नुकसान किया जा चुका है । इसके साथ ही जान से मारने की धमकी दी जाती है। उन्होने कहा कि प्रार्थी एक किसान वर्ग का व्यक्ति है जो अपना परिवार खेती करके चलता है। उन्होने कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान बना जन अभियान

### श्रमदान , बोरी बंधान से बदल रहा नदियों का स्वरूप

**विजय मत, उमरिया**

प्रदेश शासन के आव्हान पर उमरिया जिले मे भी जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से नदियों के घाटो की साफसफाई की जा रही है , जिससे नदियों का स्वरूप बदल रहा है । जल गंगा संवर्धन अभियान जन अभियान बन गया है, अभियान में स्वमेव आम जन जुड़कर जल के महत्वन को समझ रहे है और जल को संरक्षित करने का संकल्प ले रहे है । जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम बरबसपुर स्थित डेंगरहा नाला में जिला प्रशासन व्दारा विगत दिवस बोरी बंधान किया गया जहां अब पानी का ठहराव हो गया है। इस पानी का उपयोग पशु पक्षी के साथ ही ग्रामीण जन दिन चर्या के कार्यो में कर रहे है। इसी तरह मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम पिपरिया स्थित तालाब , बिरसिंहपुर पाली स्थित सगरा तालाब में युवा टीम व्दारा घाट के आस पास साफ सफाई की गई। इसी प्रकार ग्रामों में जन चौपालों का आयोजन भी किया जा रहा है । जन चौपाल के माध्यम से आम जनों को जल को संरक्षित करने के साथ ही जल को बचाने की शपथ दिलाई जा रही है । जिले मे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नदी, तालाबों के आस पास साफ सफाई होने से नदियो के स्व रूप बदल रहा है । जल को संरक्षित करने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान मील का पत्थर साबित हुआ है।



### बोरी बंधान — रूके हुए पानी का उपयोग पशु पक्षियों के साथ साथ आम जन भी कर सकेगे

# नगर परिषद मानपुर के वार्ड क्रमांक 15 भंडारी नदी में किया गया बोरी बंधान

**विजय मत, उमरिया**

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर परिषद मानपुर के वार्ड क्रमांक 15 में भंडरी नदी में बोरी बंधान कार्यक्रम नगर परिषद अध्यक्ष भारती सोनी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष मानपुर ने कहा कि शासन की मंशानुरूप जल के संरक्षण की दिशा में जल गंगा संवर्धन अभियान एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे न केवल पर्यावरण सहेजा जा सकेगा, बल्कि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित जल उपलब्ध कराया जा सकेगा। बोरी बंधान के बाद रूके हुए पानी का उपयोग पशु पक्षियों के साथ साथ आम जन भी कर सकेगे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी मानपुर ने कहा कि जल संरक्षण कोई एक दिवसीय कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के सामूहिक प्रयासों से संचालित होने वाला दीर्घकालिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि आम जन इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं। इससे यह अभियान एक महा-अभियान का स्वरूप ले चुका है। बोरी बंधान कार्यक्रम में स्वच्छता प्रभारी हरि गोविंद चतुर्वेदी , कार्यालय के सभी कर्मचारी स्टाफसहित वार्डवासी उपस्थित रहे ।






## तीन माह से वेतन नहीं, सफाई कर्मियों के समर्थन में शिवसेना ने किया प्रदर्शन

**विजय मत, सीधी**

जिला हॉस्पिटल में कार्यरत अति गरीब सफाई कर्मियों को बीते तीन महीनों से वेतन नहीं मिलने के चलते उनका जीवन संकट में पड़ गया है। वेतन भुगतान की मांग को लेकर सफाई कर्मियों ने दो दिन से हड़ताल शुरू कर दी है। इस मुद्दे को लेकर सोमवार को शिवसेना ने पीड़ित कर्मचारियों के साथ मिलकर कलेक्ट्रेट का घेराव किया और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर के नाम एसडीएम गोपद बनास को ज्ञापन सौंपा है।प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडे ने कहा कि हॉस्पिटल को स्वच्छ रखने वाले सफाई कर्मियों को ही यदि वेतन से वंचित रखा जाएगा तो यह घोर लापरवाही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तीन दिन के भीतर वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो शिवसेना उग्र आंदोलन और विभागीय तालाबंदी करेगी।विवेक पांडे ने कहा कि सफाई कर्मी न केवल अस्पताल की स्वच्छता बनाए रखते हैं, बल्कि महामारी जैसी स्थितियों में भी अपनी जान जोखिम में डालकर सेवाएं देते हैं। फिर भी इन्हें तीन महीने से मेहनताना नहीं मिला है, जो अमानवीय है। पीड़ित सफाई कर्मियों ने भी अपनी पीड़ा जताते हुए कहा कि बिना वेतन के बच्चों की पढ़ाई, घर का खर्च, किराया और दवाइयों जैसी जरूरी चीजें पूरी कर पाना असंभव हो गया है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### शहरों में खाली जमीनों पर पेड़ लगाने महिलाओं की उमड़ेगी भीड़

**भोपाल।** प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अगले महीने 5 जून से 31 अगस्त तक वृहद पौधरोपण अभियान शुरू होने जा रहा है। इस अभियान को 'वूमन फॉर ट्री' नाम दिया गया। जिसमें महिलाओं की अच्छी खासी भागीदारी होगी। इसके लिए महिला स्वयं सहायता समूहों का सहयोग लिया जाएगा। 'वूमन फॉर ट्री' पौधरोपण अभियान के लिए सभी नगरीय निकायों को लक्ष्य तय करने के निर्देश दिए गए हैं। 'वूमन फॉर ट्री' अभियान सरकार की पहल है। यह अभियान प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में संचालित होगा। इसके लिए नगरीय प्रशासन संचानालय से निर्देश जारी होंगे। संचालनालय की ओर से फिलहाल सभी निकायों को कहा गया है कि पौधरोणण का लक्ष्य तय कर लें। साथ ही जिन स्थानों पर पौधरोपण होना है, उस स्थल का चयन कर अमृत 2 पोर्टल पर अपलोड करें। 'वूमन फॉर ट्री' अभियान में हिस्सा लेने वाले महिला स्वयं सहायता समूहों को 21 से 23 मई तक वृक्षारोपण वाले स्थान का भ्रमण कराया जाए।

### तहसील हुजूर में जिला प्रशासन द्वारा अनाधिकृत निर्माण को हटाया गया

**भोपाल।** कलेक्टर कौशलेन्द्र वि‍ म सिंह के निर्देश पर मंगलवार को जिला प्रशासन, नगर निगम एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा तहसील हुजूर अंतर्गत ग्राम बरखेड़ी बाज़्यफत में राधा कृष्ण परिसर, एच.के. बिल्डर्स एवं ग्राम कौड़ियां में डॉ.अनिल खेवानी द्वारा कुशाग्र ग्रीन फार्म्स में अवैध कॉलोनी पर कार्यवाही की गई। इसी तरह ग्राम कौड़ियां में शासकीय आवागमन के रास्ते पर अनाधिकृत निर्माण को हटाया गया। जिला प्रशासन द्वारा अवैध कॉलोनियों निर्माण, जैसे गैरकानूनी कार्य किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। ऐसे सभी अति‍ मणों के विरुद्ध कठोर और निरंतर कार्रवाई की जाएगी।

### जबलपुर से आई महिला टीचर का बाइक सवार बदमाश ने कीमती बैग झपटा

**भोपाल।** मंगलवारा थाना इलाके में स्थित संगम टॉकीज तिराहा पर बीती अल सुबह बाइक सवार बदमाशों ने आटो में सफर कर रही निजी स्कूल की महिला टीचर का कीमती पर्स झपट लिया और चंपत हो गए। पर्स में आठ मोती लगा सोने का पैंडल, चांदी की चार बिछिया, मोबाइल समेत नगदी रखी थी। पुलिस के अनुसार अभिलाषा प्रताप पति संजय प्रताप (42) ने अपनी शिकायत में बताया की वह मूल रुप से गढ़ाशाही नाका, थाना संजीवनी नगर जबलपुर की रहने वाली है, और एक निजी स्कूल में टीचर हैं। रिश्तेदारी में शादी होने के कारण वह उसमें शामिल होने इंदौर गई थी। शादी समारोह के बाद वह भोपाल के तलैया क्षेत्र में रहने वाले अपने भाई संजय रावत से मिलने के लिये ट्रेन से शनिवार सुबह भोपाल पहुंची। उनके साथ उनकी बहन सुनीता रावत और भतीजा शनि रावत और उसकी पत्नी निक्की रावत भी थी। सभी लोग सुबह 5 बजे भोपाल स्टेशन पर उतरे और वहॉ से भाई के घर चौकी तलैया जाने के लिए आटो में सवार हो गए। अभिलाषा आटो में गेट के पास बैठी थी। जैसै ही ऑटो संगम तिराहा पहुंचा तभी ऑटो के पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशो में से पीछे बैठे युवक ने तेजी से झपट्टा मारकर उनके कंधे पर लटका बैग झपट लिया। उनके शोर मचाने पर ऑटो चालक ने बाइक सवारों का पीछा किया, लेकिन बदमाश तेज स्पीड से बाइक दौड़ाकर नौ-दौ ग्यारह हो गए। शिकायत मिलने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियो के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### महिला बैंक मैनेजर ने निजी लोगो के साथ मिलकर बैंक को लगाई 82 लाख की चपत

**भोपाल।** बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा सिरोंजा जिला सागर के अधिकारी द्वारा निजी लोगो के साथ मिलकर बैंक के साथ 82 लाख 44 हजार रुपये की धोखाधड़ी किये जाने के मामले में ई ओडब्ल्यू सागर में आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियो ने केसीसी लोन में अधिक रकबा और कमर्शियल ₹ ॉप दिखाकर नियम विरुद्ध कार्य करते हुए लाखो रूपये के लोन स्वीकृत कर धोखाधड़ी की है। जानकारी के मुताबिक आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओ डब्ल्यू.) सागर को शिकायत प्राप्त हुई थी, कि बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा सिरोंजा जिला सागर के बैंक अधिकारी द्वारा निजी व्यक्तियों के साथ मिलकर केसीसी लोन स्वीकृति में नियमों का पालन न कर बैंक से साथ धोखाधड़ी की है। शिकायत की जांच ईओडब्ल्यू सागर द्वारा की गई। ईओ डब्ल्यू जांच में सामने आया की बैंक ऑफ बड़ौदा की ब्रांच सिरोंजा की तत्कालीन शाखा प्रबंधक अर्चना बाघमारे द्वारा अपने साथी गजेन्द्र सिंह, कमलेश अहिरवार के साथ मिलकर केसीसी लोन स्वीकृति में कृषि भूमि रकबा, उपजाई जाने वाली फसलों, पूर्व से बंधक भूमि इत्यादि तथ्यों को निजी व्यक्तियों की सहभागिता से छिपाकर दस्तावेजों में कूटरचना कर लोन स्वीकृत किया गया। लोन जारी करने के पूर्व निरीक्षण कार्य में भी बैंक मैनेजर द्वारा सही सत्यापन नहीं किया गया।

---

#### मुख्यमंत्री निजी समाचार समूह द्वारा आयोजित कार्यशाला में हुए शामिल

# विचारों की अभिव्यक्ति सहजता से होनी चाहिए : सीएम डॉ. मोहन यादव



विजय मत, भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जिस तरह ईश्वर को पाने के लिए कठिन मार्ग से गुजरना होता है। उसी तरह पत्रकारिता का भी क्षेत्र है। इसमें विचारों की अभिव्यक्ति सहजता से होना चाहिए और देश सेवा की भावना निहित होना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में निजी समाचार समूह द्वारा 'नए भारत में स्वतंत्र पत्रकारिता की भूमिका, चुनौती और संभावना' विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार, प्रदेश शासन के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, वरिष्ठ पत्रकार और लेखक गुलाब कोठारी, क्रिकेटर अमय खुरासिया, शिक्षाविद सुधरा पांडे एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश ने एक हजार साल की गुलामी देखी है। इससे हमारी संस्कृति, परम्पराओं और शिक्षा पद्धति को क्षति पहुंची है। हमारी संस्कृति दुनिया में सबसे अलग है। इस संस्कृति को बचाए रखने के लिए जड़ों से जुड़कर काम करने की आवश्यकता है। नए भारत में स्वतंत्र पत्रकारिता के लिए हमारे आचार-विचार और शैली में नैतिकता के साथ व्यक्ति का मन भी पवित्र होना चाहिये। पत्रकारिता, समाज सेवा, व्यापार आदि में देश सेवा की भावना होना चाहिए। स्वतंत्र पत्रकारिता के लिए जड़ों से जुड़कर कार्य करने और अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने की आवश्यकता है।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय को दी किंग कोबरा (मेल) की सौगात

#### इंदौर प्राणी संग्रहालय के स्नैक पार्क और बर्ड पार्क को देख हुए प्रसन्न



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की नगरी इंदौर में आयोजित होने वाली मंत्री परिषद की बैठक से पहले आज सुबह कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय का भ्रमण किया। उन्होंने यहां पर किंग कोबरा (मेल) की सौगात भी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कर्नाटक के पीलीकुला बायोलॉजिकल पार्क से लाए गए किंग कोबरा (मेल) को स्नैक पार्क में छोड़ा। इंदौर किंग कोबरा का प्राकृतिक आवास नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चिड़ियाघर प्रबंधन द्वारा किंग कोबरा (मेल) के लिए बनाए गए आवास की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार बेहतर इको-सिस्टम के लिए सर्प संरक्षण करने को किंग कोबरा की ब्रीडिंग हेतु चिड़ियाघर में विशेष फेसिलिटी बनाई गई हैं। अभी तक प्राणी संग्रहालय में मादा किंग कोबरा थी, अब नर किंग कोबरा के आने से प्राकृतिक रूप से ब्रीडिंग हो सकेगी जो इको-सिस्टम के लिए लाभप्रद सिद्ध होगी।

किंग कोबरा अपनी लंबाई, ज़हर और अनोखे व्यवहार के लिए जाना जाता है। किंग कोबरा दुनिया का सबसे लंबा विषैला सर्प है, जिसकी लंबाई 18 फीट तक हो सकती है। किंग कोबरा को सबसे बुद्धिमान साँपों में से एक माना जाता है, क्योंकि यह परिस्थितियों के अनुसार अपने शिकार करने की रणनीति बदलता है। मादा किंग कोबरा अन्य साँपों से अलग होती हैं क्योंकि वे घोंसला बनाकर अंडों को सेती हैं। किंग कोबरा जैव विविधता और इको-सिस्टम के लाभदायक होते है और किसानों के मित्र कहे जाते हैं।

#### बर्ड पार्क का भ्रमण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्राणी संग्रहालय में स्थित बर्ड पार्क का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री बर्ड पार्क में पक्षियों की विविधता और विभिन्न प्रजातियों को देख कर प्रसन्न हुए। उन्होंने पक्षियों को स्वयं दाना खिलाया। इसके अतिरिक मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चिड़ियाघर के भ्रमण के दौरान शुतुरमुर्ग, पॉकेट मंकी और अन्य प्राणियों को निहारा। चिड़ियाघर के भ्रमण में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, अन्य जनप्रतिनिधि और चिड़ियाघर निदेशक डॉ. उत्तम यादव एवं उपस्थित रहे।

---

## केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने महापौर राय के जन्मदिन के अवसर पर किया पौधरोपण



■ तुलसी नगर स्थित मानव औषधि पार्क में किये गये वृक्षारोपण के अवसर पर विधायक भगवानदास सबनानी व अन्य जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में किया पौधरोपण

विजय मत, भोपाल

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महापौर मालती राय के जन्मदिन के अवसर पर तुलसी नगर स्थित मानव औषधि पार्क में पौधरोपण किया।

चौहान ने इस मौके पर महापौर राय को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर विधायक भगवानदास सबनानी, अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चौहान, जोन अध्यक्ष बृजुला सचान, कार्यपालन यंत्री प्रमोद मालवीय सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### महापौर मालती राय ने अनाथ बच्चों, सफाई मित्रों एवं रोगियों के बीच मनाया अपना जन्मदिन

#### कापियां, मिष्ठान, साड़ियां, भोजन आदि किया वितरित



**भोपाल।** महापौर मालती राय ने अपना जन्मदिन अनाथ बच्चों, सफाई मित्रों एवं रोगियों के बीच पहुंचकर मनाया। महापौर मालती राय अपने जन्मदिन के अवसर पर मंगलवार को राजीव नगर स्थित अनाथ आश्रम पहुंची और अनाथ बच्चों के साथ केक काटा और बच्चों को किताबें, कापियां वितरित की तथा मिष्ठान भी खिलाया। इस अवसर पर अनाथालय के बच्चों ने हाथ से बनाई महापौर राय की तस्वीर भी भेंट की। महापौर मालती राय ने जोन क्रं. 15 के अंतर्गत सफाई मित्र बहनों को साड़ियां एवं मिष्ठान वितरित किया। महापौर राय ने कैंसर अस्पताल पहुंचकर परिसर में पौधरोपण किया और रोगियों को भोजन भी वितरित किया। उक्त अवसरों पर जोन अध्यक्षद्वय बृजुला सचान व राजेश चैकसे, पार्षद सरोज आसेरी, प्रियंका मिश्रा के अलावा कैंसर हास्पिटल के स्टाफ के सदस्य, मां अन्नपूर्णा चैरिटेबिल ट्रस्ट के सदस्य, हर्षिनी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन अनाथ आश्रम प्रबंधन के सदस्यगण व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### 23 मई तक अपलोड कर सकेंगे दस्तावेज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश लोक शिक्षण संचालनालय ने अतिथि शिक्षकों की नियुक्तियों को लेकर समय सारणी जारी कर दी है। शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता 23 मई तक अपलोड कर सकेंगे। एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर सभी दस्तावेज अपलोड करने होंगे। किसी प्रकार की गलती होने पर ई-केवाईसी अनलॉक कर अपडेट कर सकेंगे। मूल दस्तावेजों के परीक्षण के बाद तत्काल सत्यापन के निर्देश दिए गए है। स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अतिथि शिक्षक पोर्टल (जीएफएमएस) पर आवेदकों को नवीन पंजीयन और पहले से पंजीकृत आवेदकों को अपनी शैक्षणिक और व्यावसायिक योग्यताओं की प्रविष्टि और संशोधन के निर्देश दिए थे।

## बैरसिया इलाके में दर्दनाक हादसा, तेज रफ्तार बस ने कार को मारी टक्कर, दो की मौत, एक घायल

विजय मत, भोपाल



बैरसिया में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक कार को तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। हादसे में कार चालक और युवती की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है।

पुलिस ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाली 25 वर्षीय अश्विनी बागड़ी पचमढ़ी की रहने वाली थी। सोमवार को वह अपने भाई नैतिक बागड़ी और ड्राइवर रोहन ठाकुर (22) के साथ पचमढ़ी से बैरसिया अपनी बहन से मिलने के लिए आ रही थी। अश्विनी की बड़ी बहन नेहा रत्नाकर और बहनोई सचिन रत्नाकर बैरसिया के होलीपुरा में रहते हैं। सुबह करीब 11 बजे उनकी कार बरैसिया रोड स्थित नरेला पेट्रोल पंप के पास पहुंची, तभी बैरसिया से भोपाल की तरफ जा रही तेज रफ्तार नेशनल ट्रैवल्स की बस ने कार को सामने से टक्कर मार दी।

इस हादसे में कार सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए बैरसिया स्थित शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने अश्विनी बागड़ी और कार चालक रोहन ठाकुर को चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल अश्विनी के भाई नैतिक को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसा इतना भयानक था कि कार के सामने वाला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इसी प्रकार बस का क्लीनर साइड का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ है। पुलिस ने टक्कर मारने वाली बस जब्त कर ली है। चालक की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। बताया जाता है कि इस हादसे में बस में सवार दो लोगों को भी चोट आई है। बस के कागजात चैक करेगी पुलिस जिस बस ने आर्टिगा कार को टक्कर मारी है, उसकी हालत काफी खस्ताहाल दिखाई दे रही है।

## पुरानी रंजिश को लेकर युवती के चेहरे पर पत्थर से किया वार, भाईयों के साथ भी जमकर की मारपीट

विजय मत, भोपाल



राजधानी के कमला नगर थाना इलाके में पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियो ने बीती रात शादी में लौट रहे परिवार के साथ गाली गलौच कर मारपीट कर दी। इस बीच आरोपियो ने एक युवती के चेहरे पर पत्थर से जोरदार वार कर दिया, जिससे उसके चेहरे पर गंभीर चोट आने से खून बहने लगा। वहीं आरोपियो ने उसके भाईयो से भी मारपीट कर घायल कर दिया। मामले की लिखित शिकायत थाना पुलिस से की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार चेहरे पर पत्थर लगने नेहा अहिरे का कहना है, वह राहुल नगर मल्टी में परिवार सहित रहती है। बीती रात अपनी मां अनिता अहिरे, बहन नम्रता और भाईयो के साथ एक शादी समारोह से लौट रही थीं। करीब साढ़े बारह बजे मोहल्ले में स्थित किराना दुकान के पास से जाते समय आरोपी सोनू शैडे, चंदन सोनाने और उनके एक अन्य साथी ने पुराने विवाद को लेकर उन्हें गालियां देनी शुरु कर दी। जब नेहा और उसके परिवार वालो ने आरोपियो की गाली-गलौच और आपत्तिजनक बातों का विरोध किया तब आरोपी भड़क गये और उन्होनें मारपीट शुरु कर दी। एक आरोपी ने जहॉ नेहा को चांटा मारा वहीं उसके साथियो ने उन्हें पत्थर फैंककर मारने शुरु कर दिये। आरोपी चंदन सोनाने ने पत्थर नेहा के चेहरे पर मारा जिससे उनके चेहरे पर ऑख के नीये गहरी चोट आने से खून निकल आया। वहीं आरोपियो ने उनके भाईयो के साथ भी मारपीट कर उन्हें भी घायल कर दिया। जानकारी के मुताबिक बीच बचाव करने आये पीड़िता के ममेरे भाई कुनाल के सिर पर बदमाशों ने वार किया, जिससे कुनाल के सिर में चोंट आई है। हंगामा बढ़ने पर आसपास के लोग आ गये और पुलिस बुलाने की बात कही। इस पर आरोपी घायलो को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

### मॉनसून में उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के सभी प्रबंध करें: क्षितिज सिंघल

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के 16 जिलों में विद्युत आपूर्ति और ऑपरेशन एंड मेन्टीनेन्स से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे नियंत्रणकर्ता अधिकारी से अनुमति लेकर ही कार्यस्थल / मुख्यालय छोड़ें। इस आशय के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि प्री-मॉनसून बारिश की बौछारें शुरू हो गईं हैं और अनेक बार आँधी और चक्रवाती तूफान और प्राकृतिक आपदा को देखते हुए कंपनी के मैदानी अफसरों से कहा गया है कि वे विद्युत आपूर्ति और रखरखाव तथा ऑपरेशन्स को देखते हुए सतर्कता और सजगता से काम करें तथा कोई कार्मिक अवकाश पर जाता है तो उसके स्थान पर वैकल्पिक कार्मिक की तैनाती की व्यवस्था पहले से ही करें। कंपनी ने कहा है कि गत वर्षों में पूरे जून माह की शिकायतों के आकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि इस दौरान कॉल सेन्टर में एफओसी (विद्युत अवरोध) से संबंधित उपभोक्ताओं की व्यक्तिगत शिकायतों की संख्या बढ़ जाती है। इसलिए काल सेन्टर के ऑपरेशनल एवं सुपरवाइजरी स्टॉफ को और अधिक सजगता से काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने सभी मैदानी कार्मिकों को उपभोक्ताओं को अनवरत् और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में विद्युत आपूर्ति बहाल रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि वे भी समय-समय पर कंपनी को फीडबेक प्रदान करते रहें।

मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मैदानी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा है कि आपदा के समय संपर्क करने हेतु लाइनमैनों के मोबाइल नंबर आदि की जानकारी अपडेट रखी जाए। मैदानी अधिकारियों से कहा गया है कि वे जिला प्रशासन / पुलिस प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से सपंर्क और समन्वय बनाने का काम करें ।

## एडवोकेट से शेयर मार्केट में इंवेस्ट करने के नाम पर 78 लाख की धोखाधड़ी

विजय मत, भोपाल

राजधानी के एक सीनियर एडवोकेट से शेयर मार्केट में मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर रकम इंवेस्ट के नाम पर 78 लाख 25 हजार रुपए की धोखाधड़ी किये जाने का मामला सामने आया है। शातिर जालसाजो ने पहले कम रकम निवेश कराते हुए उन्हें मुनाफा देकर जाल में फंसाया। बाद में उनसे मोटी रकम निवेश करवा ली, कुछ समय बाद जब फरयादी ने अपनी रकम निकालने का प्रयास किया तब सायबर जालसाजो ने 65 लाख रुपए की रकम देने को कहा। इस पर उन्हें अपने साथ ठगी का अहसास हुआ और उन्होनें सायबर क्राइम ब्रांच थाने में शिकायत की। मिली जानकारी के मुताबिक 52 वर्षीय जय शंकर शुक्ला ने 15 फरवरी 2025 में को लिखित शिकायत करते हुए बताया की वह सागर एवेन्यू अयोध्या बायपास पर रहते है। फरियादी पेशे से वकील हैं, और जिला अदालत में प्रेक्टिस करते हैं। बीती 2 दिसंबर 2024 में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक के जरिये उनका एक महिला से संपर्क हुआ। महिला ने अपना नाम सुहानी शर्मा बताते हुए शेयर मार्केट में ट्रेडिंग की बात कही। उसने बताया कि वह शेयर मार्केट में निवेश कराने में काफी अनुभवी है। इसके बाद उसने ट्रेडिंग एप और निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने की जानकारी दी। उसने टेलीग्राम एप और वाट्सएप ग्रुप के बारे में बताया। उसकी बातों से प्रभावित होकर जय शंकर शेयर मार्केट में इंवेस्ट करने पर राजी हो गए। इसके बाद महिला ने उन्हें एक एप डाउनलोड कराते हुए पहली बार एक लाख रुपए निवेश करने के लिए कहा। उन्होंने पंजीकृत कंपनियों और फर्मों के सभी बैंक खाते दिए और कहा कि यह निवेश के लिए अधिकृत फर्म है।

**खास-खबर** — एम्स भोपाल के अध्ययन से खुलासा

## योगिक श्वसन अभ्यास 'प्राणायाम' हृदय स्वास्थ्य को सुधारने और तनाव कम करने में प्रभावी

विजय मत, भोपाल

एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह के मार्गदर्शन में संस्थान 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग रखे निरोग नामक 30 दिवसीय अभियान प्रारंभ कर रहा है। यह पहल समुदाय में नियमित योग अभ्यास के अनेक स्वास्थ्य लाभों को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखती है।आयुष विभाग द्वारा संचालित इस अभियान का उद्देश्य योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर निरोगी जीवन की ओर प्रेरित करना है। हर दिन सीखें योग, स्वयं को रखें निरोग इस अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन एक नई योग मुद्रा से अवगत कराया जाएगा, साथ ही उस विशेष आसन या प्राणायाम के लाभों की जानकारी भी साझा की जाएगी। यह प्रयास न केवल जागरूकता बढ़ाने हेतु है, बल्कि आमजन को स्वयं की सेहत की जिम्मेदारी उठाने की प्रेरणा भी देता है। यह जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे, इसके लिए सभी से अनुरोध है कि वे इसे अपने आस-पास प्रसारित अवश्य करें।




अभियान की वैज्ञानिक आधारशिला को और भी सुदृढ़ बनाते हुए, हाल ही में एम्स भोपाल के फिजियोलॉजी और आयुष विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण अध्ययन किया गया है। इस अध्ययन में राइट नॉस्ट्रिल ब्रीदिंग और लेफ्ट नॉस्ट्रिल ब्रीदिंग जैसी विशिष्ट श्वसन विधियों पर ध्यान केंद्रित किया गया, और पाया गया कि इनसे हार्ट रेट वेरिएबिलिटी में सकारात्मक सुधार होता है, जो ऑटोनॉमिक तंत्रिका तंत्र की कार्यप्रणाली और हृदय की सेहत का प्रमुख संकेतक है। 20 अनुभवी योग साधकों पर किए गए इस अध्ययन में यह पाया गया कि केवल 5 मिनट के प्राणायाम अभ्यास के बाद ही उनके शरीर में शांति और आराम देने वाली गतिविधियाँ बढ़ गईं, जिससे तनाव कम हुआ और हृदय पर दबाव भी कम पड़ा।

इस विषय पर जानकारी देते हुए एम्स भोपाल के फैकल्टी सदस्य और प्रमुख शोधकर्ता डॉ. वरुण मल्होत्रा ने बताया कि प्राणायाम करने से साँसों की गति धीमी हो जाती है, जिससे दिल की धड़कन भी शांत होती है और शरीर को आराम मिलता है। हमारे अध्ययन में यह पाया गया कि अभ्यास के दौरान दिल की धड़कन कम हुई और शरीर का संतुलन आराम देने वाली प्रणाली की ओर झुक गया। दोनों ही प्रकार की प्राणायाम तकनीकों से लाभ मिला, लेकिन बाईं नासिका से साँस लेने (स्ह्क्क) का असर थोड़ा अधिक शांति देने वाला रहा। यह बात प्राचीन योग ग्रंथों से भी मेल खाती है, जहाँ स्ह्क्कको ठंडक और शांति देने वाला और ऋह्क्कको ऊर्जा बढ़ाने वाला बताया गया है। यह अध्ययन जर्नल ऑफ एजुकेशन एंड हेल्थ प्रमोशन में प्रकाशित हुआ है और यह दिखाता है कि प्राणायाम एक आसान, बिना दवा का उपाय है जो दिल और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। एम्स भोपाल के आयुष विभाग के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. दानिश जावेद ने बताया कि कोविड-19 के समय हमने मरीजों के लिए ऑनलाइन योग सत्र शुरू किए थे, जिनसे उन्हें बहुत फायदा हुआ।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# मनुष्य का संस्कार अच्छा होना जरुरी है

नर और नारी एक समान है आप नारी हो या नर, संस्कार अच्छा होना बहुत जरुरी है संस्कार ठीक नहीं है तो क़ोई भी मनुष्य सही या गलत की पहचान नहीं कर सकता है नारी में माँ का रूप से बड़ा औऱ क़ोई नहीं है क्योंकि जन्म देती है आप दूसरे को उपदेश देने से पहले खुद ही अंदर झाँक कर देखिए आप के अंदर ईश्वर मौजूद है ना तो डरता है ना ही डराता है एक बात समझ कर चलिए आप जैसा करेंगे वैसा ही भरेंगे, ईश्वर के ध्यान में लीन हो जाये तब आप समझ जायेंगे क्या अच्छा है क्या बुरा दूसरों की देखा देखी करना ठीक नहीं है आप खुद ही ऐसा सोचे यदि हम उस जगह रहते तो क्या करते कहाँ जा रहा है आज का समाज इसपर ध्यान देने की जरुरत है दूसरे को दुःख को उसके बुरे वक़्त में नजरअंदाज करना आपकी सबसे बड़ी भूल है हम जब अकेले थे तो माता पिता मेरे साथ थे खुश थे कहीं शिफ्ट करना भी आसान था ईश्वर सब देख रहा है आप भगवान राम से प्रेरणा लें उस समय पिता के वचन को निभाना सबसे बड़ा कर्तव्य था उन्हें यानि राजा दसरथ को श्रवण कुमार की गलती से मारे जाने पर उनके माता पिता से श्राप के कारण यह देखने को मिला जिसे उन्हें भी काफी दुःख हुआ लेकिन नियति को कौन टाल सकता है और ऐ हुआ जंगल जाना वो भी 14वर्ष के लिए इतना आसान नहीं था वो वनवास श्री राम को ही मिला था लेकिन उनके साथ माता सीता और भ्राता लखन भी गए ऐ निर्णय भी आसान नहीं होता है आप कल्पना कर देखिए आप घबराहट में बैचैन हो जायेंगे क्योंकि 14वर्ष जंगल में रहना क़ोई आसान काम नहीं होता है ऐ मरने जीने जैसा है लेकिन यदि आप सही में जिसे सच्चे मन से चाहते हैं उसे मौत से भी डर नहीं होता और वहाँ ना तो घर है ना ही पलंग ना ही बिजली पानी और खाने हेतु गैस का सिलेंडर लेकिन हिम्मत है और यही हिम्मत उसे महान बनाता है जो दुःख में साथ है वही आपका सच्चा आदमी है चाहे अपना हो या पराया, माता सीता ऐसा नारी बनना इतना आसान नहीं है लेकिन जीवन में भगवान श्री राम के साथ मरने जीने की इच्छा ही पुरे विश्व में माँ के रूप में पूजन किया जाना गर्व की बात है मैं आपको कहुँ कि माँ के रास्ते पर चलना चाहिए तो बुरा भी लगेगा लेकिन जीवन में दुःख के समय खुश रहना भी आएगा।

**नोट**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# समूची मानवता का शत्रु है आतंकवाद

**योगेश कुमार गोयल**

जम्मू-कश्मीर दशकों से आतंक के खौफनाक साये में जी रहा है। बीते कुछ दशकों में आतंकियों ने देश के अन्य हिस्सों में भी कभी किसी भरे बाजार में तो कभी किसी बस या ट्रेन में आतंकियों ने निर्दोषों के लहू से होली खेली है। यह एक ऐसी विकराल समस्या है, जिसने न केवल हजारों लोगों की जान ली है बल्कि अनगिनत परिवारों को तबाह किया है। बच्चे अनाथ हुए, माताएं-बेटियां विधवा हुईं और बुजुर्गों की जीवन-संध्या से सहारा छीन गया। आतंकवादी ऐसे नृशंस कृत्यों के जरिए लोगों के मन में भय भरते हैं, उनका उद्देश्य हिंसा, अस्थिरता और अव्यवस्था फैलाकर समाज को तोड़ना होता है। इन विभीषिकाओं के खिलाफ देश ने जो संघर्ष किया है, उसी के सम्मान में हर साल 21 मई को 'राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस' मनाया जाता है। यह दिन आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में शहीद हुए जवानों और नागरिकों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है। इस दिन देशभर में लोगों को यह शपथ दिलाई जाती है कि वे हर प्रकार की हिंसा और आतंकवाद का विरोध करेंगे, शांति, अहिंसा और सहिष्णुता के सिद्धांतों में विश्वास रखेंगे और देश की एकता, अखंडता व सामाजिक सद्भाव की रक्षा करेंगे।

> यह दिन इसलिए भी स्मरणीय है क्योंकि 21 मई 1991 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक महिला आत्मघाती हमलावर द्वारा हत्या कर दी गई थी। यह हमला लिट्टे जैसे आतंकी संगठन की सोची-समझी साजिश का परिणाम था, जिसने केवल एक नेता की जान ही नहीं ली बल्कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को हिला कर रख दिया था। उसी दिन की स्मृति में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस की शुरुआत हुई ताकि देशवासियों को यह अहसास कराया जा सके कि आतंकवाद किसी व्यक्ति, धर्म या समुदाय का दुश्मन नहीं बल्कि समूची मानवता का शत्रु है।



राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर विशेष

हाल के वर्षों में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध जो नीति अपनाई है, वह पहले से कहीं अधिक कठोर, रणनीतिक और सशक्त हो चुकी है। विशेषकर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने जिस बहादुरी से अभियान चलाए हैं, उन्होंने आतंकी नेटवर्क को बड़ा झटका दिया है। धारा 370 हटाए जाने के बाद घाटी में हालात में धीरे-धीरे सुधार आने लगा है। सैकड़ों आतंकी मुठभेड़ों में मारे गए हैं और सुरक्षाबलों ने सीमाओं पर घुसपैठ की अनेक कोशिशें विफल की हैं।

हालांकि पूरी तरह से आतंक का खात्मा अब भी शेष है। इसकी ताजा मिसाल 22 अप्रैल को अनंतनाग जिले के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकी हमले में देखी जा सकती है। बैसरन घाटी में हुए इस हमले ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद की जड़ें अभी भी पाकिस्तान में मौजूद हैं और वहां से संचालित आतंकी संगठन भारत की शांति व्यवस्था को चुनौती देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई थी। यह हमला ऐसे समय में हुआ, जब घाटी में आतंकी घटनाओं में गिरावट दर्ज की जा रही थी, जो भारत की कूटनीतिक और सुरक्षा नीति की सफलता का संकेत थी। इस नृशंस कृत्य के बाद भारत सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' नामक सैन्य अभियान चलाकर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। रिपोर्टों के अनुसार, इसमें लगभग 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया गया और उनके अनेक अड्डों को नष्ट किया गया। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि अब भारत केवल रक्षात्मक रवैया नहीं अपनाएगा बल्कि आतंक के स्रोत पर आक्रमण करेगा। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर चौतरफा दबाव बनाना शुरू किया और साथ ही सिंधु जल संधि को रद्द करने का भी बेहद निर्णायक फैसला लिया गया। यह समझौता 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ था, जिसके अंतर्गत भारत ने पाकिस्तान को सिंधु, झेलम और चेनाब नदियों का जल उपयोग करने का अधिकार दिया था। अब यह विचार प्रबल हो गया है कि जब पाकिस्तान बार-बार आतंकियों को शरण देता है और भारत की नागरिक आबादी को निशाना बनाता है तो ऐसे में इस ऐतिहासिक संधि को बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। भारत के सैन्य अभियानों ने न केवल प्रत्यक्ष रूप से आतंकियों को नुकसान पहुंचाया है बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी पाकिस्तान को अलग-थलग करने में सफलता प्राप्त की है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने उसे ग्रे लिस्ट में डालकर उसकी अर्थव्यवस्था पर जबरदस्त दबाव बनाया है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संस्थानों के सामने भारत ने बार-बार पाकिस्तान के दोहरे रवैये को उजागर किया है, जहां एक ओर वह शांति की बातें करता है, वहीं दूसरी ओर अपनी धरती पर आतंकियों को संरक्षण देता है। घाटी में हो रहे सकारात्मक बदलावों की जड़ में सुरक्षा बलों की बहादुरी के साथ-साथ स्थानीय जनता की बदली मानसिकता भी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अब घाटी में स्थानीय युवाओं की आतंकी संगठनों में भर्ती में काफी गिरावट आई है। पहले जहां एक साल में दर्जनों युवाओं के लापता होने की खबरें आती थी, अब वह संख्या इक्का-दुक्का रह गई है। भारत की वर्तमान नीति 'आतंक के प्रति शून्य सहनशीलता' की है और इस नीति के हर पहलू में क्रियान्वयन दिख भी रहा है। अब आतंकी हमलों का जवाब केवल बयानबाजी तक सीमित नहीं रहता बल्कि पाकिस्तान की सीमा में घुसकर उनके ठिकानों को नेस्तनाबूद किया जाता है। यह बदलाव केवल सैन्य शक्ति के उपयोग का नहीं बल्कि जन-मन के दृढ़ संकल्प का परिचायक है। बहरहाल, बेशक आतंकवाद की कमर तोड़ी जा रही है लेकिन अब भी इसकी 'अंतिम परछाई' को मिटाना बाकी है। जब तक देश का कोई भी कोना आतंक से मुक्त नहीं होता, तब तक यह संघर्ष जारी रहना चाहिए। आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई केवल हथियारों से नहीं बल्कि समाज की एकजुटता, सूझबूझ और जागरूकता से ही जीती जा सकती है। हर नागरिक को यह समझना होगा कि आतंकवाद केवल सीमाओं की समस्या नहीं बल्कि मानवता का साझा दुश्मन है। आज यह आवश्यक है कि हम राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के मौके पर न केवल शपथ लें बल्कि उसे व्यवहार में भी उतारें। हममें से हर व्यक्ति आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में सैनिक बने, चाहे वह सूचनाएं देकर सुरक्षा एजेंसियों की मदद करने की बात हो या बच्चों को कट्टरपंथ से दूर रखने की दिशा में पहल करने की। तभी हम एक ऐसे भारत की कल्पना कर सकेंगे, जहां शांति, सद्भाव, एकता और विकास के मूल्यों की बुनियाद पर भविष्य की इमारत खड़ी होगी।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

# डिग्रीयां तो पढ़ाई के खर्चे की रसीदें है - ज्ञान तो वही है जो किरदार में झलके

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं**

सृष्टि में अनमोल बौद्धिक ज्ञान का धनी मानवीय प्राणी को जन्म से ही परिवार, समाज, मानवीय संपर्कों से व्यवहारिक शिक्षा और ज्ञान मिलना शुरू हो जाता है।याने जैसे जैसे मानुष बाल्य काल से बचपन और फिर युवा होता है, वैसे-वैसे व्यवहारिक ज्ञान शिक्षा के माध्यम से ऑटोमेटिक अली स्वतः संज्ञान से उसकी बौद्धिक क्षमता परिपक्व होती जाती है और फिर स्कूल कॉलेज से लेकर अनेक डिग्रियों यानें किताबी ज्ञान पाकर सोने पर सुहागा की कहावत हम पूरी करते हैं। इस तरह हम देखते हैं कि, शिक्षा दो तरह की होती है। एक किताबी शिक्षा और दूसरी व्यवहारिक शिक्षा। अगर किताबी शिक्षा के साथ साथ हमको व्याहारिक शिक्षा का ज्ञान नहीं है तो हम शिक्षित होते हुए भी अशिक्षित की श्रेणी में आयेंगे। और अगर हमको शिक्षा के साथ साथ व्यवहारिक ज्ञान भी है तो हम शिक्षित लोगो की श्रेणी में आयेंगे।

> साथियों भारत में कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि कौशलता विकास पर जोरदार तरीके से फोकस किया जा रहा है जिसके लिए केंद्र सरकार द्वारा एक अलग से कौशलता विकास मंत्रालय का भी गठन किया गया है जो अनेक राज्यों में विभिन्न स्तरोंपर कौशलता विकास का जन जागरण अभियान चला रहा है। इसके लिए हुनर हाट सहित अनेकों कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। मेरा मानना है कि इनका सबसे सटीक कारण हर नागरिक को नौकरी पाने वाला नहीं नौकरी देने वाला बनाना है, जिससे बेरोजगारी की समस्या भी दूर होगी और जो कौशलता के रूप में ज्ञान प्राप्त करेंगे।



उनके किरदार में भी झलकेगा जो हमारी सदियों पुरानी संस्कृति भी रही है। इसके विपरीत हम देखते हैं कि किताबी पढ़ाई वाली डिग्रियां जिसे हम पढ़ाई के खर्चे की रसीदें भी कर सकते हैं, प्राप्त करने के बाद भी इंटर्नशिप या प्रैक्टिकल ट्रेनिंग लेना जरूरी होता है। केवल डिग्री के बलपर हम अपने व्यवसाय में प्रैक्टिस नहीं कर सकते या किसी जॉब में शामिल होने के बाद भी उसकी ट्रेनिंग लेनी होती है और हमारा किरदार उसमें झलकता है कि हम इसके विशेषज्ञ हैं फ़िर भी अक्सर देखा गया है कि बड़ी-बड़ी डिग्रियां प्राप्त करने के बाद जब सेवा करनें का मौका आता है तो अनेक लोग विदेशों में जाकर सेवाएं प्रदान करते हैं और वही बस जाते हैं इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि डिग्रियां तो पढ़ाई की रसीदें हैं, परंतु ज्ञान तो वही है जो किरदार में झलके।

साथियों बात अगर हम किताबी ज्ञान की करें तो, परिभाषा के अनुसार जिसने किताबी ज्ञान अर्जित किया हो और स्कूल कॉलेज की परीक्षाओं को पास करके डिग्री हासिल की हो वो शिक्षित है, और जिसे अक्षर ज्ञान ना हो, वो किताबी अनपढ़।पर क्या शिक्षा का अर्थ सिर्फ केवल किताबी ज्ञान अर्जित करना ही है? एक शिक्षित इंसान के द्वारा फेंका हुआ कचरा, अगर सुबह एक किताबी अशिक्षित इंसान (सफाई कर्मचारी) उठाता है।ऐसे में किसे शिक्षित कहना चाहिए सफाई कर्मचारी को या कचरा फेंकने वाले को? आजकल की शिक्षा ऐसे ही रट्टा फिकेशन की शिक्षा होती जा रही है। जहाँ मतलब समझ आए या ना आए, बस रट्टा मारों और पास हो जाओ।

साथियों शायद इसीलिये किताबी पढ़े-लिखे अनपढ़ों की संख्या बढ़ती जा रही है। पिछ्ले कुछ दशकों में शिक्षा का स्तर काफी बढ़ गया है पर शिक्षा की वैल्यू खत्म होती जा रही है। ध्यान दे तो याद आता है जहाँ कुछ साल पहले ग्रेजुएशन ही काफी था, आज पोस्ट ग्रेजुएशन,क्या पीएचडी की भी कोई वैल्यू नहीं है। तकनीकी शिक्षा पर जोर है। तकनीकी शिक्षा गलत नहीं है पर सिर्फ तकनीकी शिक्षा से काम नहीं चलेगा।

साथियों बात अगर हम किताबी शिक्षित और किताबी अनपढ़ व्यक्तियों की करें तो, बहुत अंतर है। किताबी अनपढ़ आदमी केलकुलेटर चलाना नहीं जानता सारा हिसाब किताब उंगलियों से करना पड़ता है पढ़ा-लिखा आदमी विना केलकुलेटर के चार में से दो घटाने के लिए भी अपनी उंगली नहीं घिसता। किताबी अनपढ़ व्यक्ति के पास अपने अनुभव के अतिरिक्त कुछ नहीं होता जबकि पढ़ा-लिखा व्यक्ति और के अनुभव भी उपयोग में ले आता है। किताबी अनपढ़ व्यक्ति अधिक प्रेक्टिकल होता है शिक्षित व्यक्ति इतनानही होता।कहीं बाहर जाने पर पढ़ा-लिखा व्यक्ति आसानी से पता ढूढ लेता है जबकि किताबी अनपढ को परेशानी होती है।एक युग था जब समाज में किताबी अनपढ बहुत थे तो उनका कामकाज भी उसी तरह चलता था ।आज किताबी अनपढ़ व्यक्ति को हर तरह की परेशानी उठानी पड़ती है। उसे पढ़े-लिखे लोगों पर आश्रित रहना पड़ता है।

साथियों बात अगर हम संस्कारों और विचारधारा की करें तो व्यवहारिक शिक्षा और ज्ञान के परिपक्व व्यक्ति अपने कुल और माता पिता की विचारधारा पर चलकर संस्कारों का परिचय देते हैं। वहीं किताबी ज्ञान डिग्री लेने वाले कुछ अपवादों को छोड़कर संस्कारों और विचारधारा में साफ फर्क दिखा देने लगते हैं अपने कुल और माता पिता की विचारधारा पुरानी और ढकोसली लगने लगती है रिश्ते नातों में कमजोरी को बल मिलता है और विवाहित होने पर सिर्फ अपने परिवार की जवाबदारी तक सीमित हो जाते हैं जबकि व्यवहारिक ज्ञान के धनी व्यक्तियों में ऐसा नहीं है परंतु यह हम जरूर कहेंगे के किताबी ज्ञान वालों से अधिक ज्ञान समझ रखने वाले व्यवहारिक ज्ञान के धनी व्यक्तियों के दोनों हाथों में मलाई होती है जिससे स्थिति अनुसार प्रयोग में करते हैं स्थिति बिगड़ी तो तुम तो पढ़े लिखे हो!! हम ठहरे अनपढ़, हमको क्या समझता है!! और परिस्थिति का हमारे तरफ झुकाव रहा तो, देखो तुम तो पढ़े लिखे हो!तुम्हारी पढ़ाई लिखाई किस काम की? अच्छा हुआ हम तो अनपढ़ ही बहुत अच्छे है। साथियों बात अगर हम व्यवहारिक ज्ञान के महत्व की करें तो स्कूल में जब बच्चों से हाथ से प्रोजेक्ट बनवाए जाते हैं तो बच्चे व उनके अभिभावक बहुत खुश होते है।जब वे खुद कैंची से कागज काटते हैं तब व्यवहारिक ज्ञान आता है। हाथ से किया हुआ कार्य हम कभी नहीं भूलते और वही जीवन में काम आता है। किताब साइकिल चलाना नहीं सिखा सकती पर हमने एक बार चला ली तो जीवन भर नहीं भूलते। अच्छे अच्छे सांइस पढ़ाने वालों को यह नहीं पता होता कि एक लोहे के टुकड़े को कैसे पता चलता है कि उसके आसपास एक चुम्बक है और उसे उसी ओर जाना है? या चुम्बक को कैसे मालूम कि मुझे लोहे के टुकड़े को अपनी ओर खींचना है? यह टीचर नें व्यवहारिक ज्ञान से सिखाया। एक स्कूल में बच्चों से लगभग 600 प्रोजेक्ट बनवाए, हाथ से नमकीन मिक्सचर केक, बिस्कुट इत्यादि बनाना व बेचना।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

# दहेज का विरोध, पर मालदार की चाहत क्यों? मालदार दूल्हा ढूंढने वालों, खुद से भी सवाल करो

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

दहेज़ लेने वालो के मुंह पे थूकने से फुर्सत मिल गई हो तो थोड़ा एकलौता मालदार लड़का ढूंढने वालो के मुंह पे भी थूक दो। यह दोहरी सोच ही हमारे समाज का असली चेहरा है, जहां दहेज का विरोध सिर्फ भाषणों तक सीमित है, पर बेटियों की शादी में बड़ा बैंक बैलेंस और सरकारी नौकरी ही मापदंड बन जाते हैं। अगर बदलाव सच में चाहिए, तो यह दोहरापन भी मिटाना होगा। शादी रिश्तों का बंधन है, सौदेबाजी का खेल नहीं। सिर्फ दिखावा छोड़ो, सोच बदलो। सिर्फ नारे नहीं, असल बदलाव चाहिए। भारत में दहेज प्रथा एक ऐसा सामाजिक अभिशाप है जो आज भी गहरे तक जड़ें जमाए हुए है। दहेज लेना न सिर्फ एक अपराध है, बल्कि यह उस महिला के सम्मान का अपमान है जिसे एक बेटी, पत्नी और बहू के रूप में समाज में उच्च स्थान दिया जाता है। परंतु, यह प्रथा केवल पुरुषों के लालच तक सीमित नहीं है, बल्कि कई बार इसे बढ़ावा देने में खुद परिवार और समाज की सोच भी शामिल होती है। दहेज के विरोध में बोलना एक बात है और अपने घर की बेटियों के लिए एकलौता मालदार दूल्हा ढूंढना दूसरी। यह विरोधाभास हमारी मानसिकता की गहरी खाई को उजागर करता है। हम एक ओर दहेज का विरोध करते हैं, पोस्ट लिखते हैं, नारे लगाते हैं, और दूसरी ओर जब अपनी बेटियों की शादी की बात आती है, तो संपन्न परिवार और मोटी तनख्वाह वाले लड़के की खोज में जुट जाते हैं। यह दोहरी सोच एक ऐसी सामाजिक बीमारी है जो हमें अपने मूल्यों से दूर कर रही है। यह मानसिकता केवल दहेज तक सीमित नहीं है। यह हमारी सोच का एक व्यापक हिस्सा है जो समाज के हर पहलू में दिखाई देता है। उदाहरण के लिए, जब हम किसी लड़की के लिए लड़का देखते हैं, तो हम उसकी शिक्षा, विचारधारा, और चरित्र से अधिक उसकी आर्थिक स्थिति को महत्व देते हैं। यह सोच न केवल लड़कियों को वस्तु की तरह पेश करती है, बल्कि लड़कों पर भी आर्थिक दबाव डालती है कि वे एक आदर्श वर बनने के लिए अपने कैरियर और कमाई पर अधिक ध्यान दें। इस सोच का सबसे बड़ा उदाहरण तब देखने को मिलता है जब शादी के विज्ञापनों में अच्छे परिवार, सरकारी नौकरी, और खूब कमाने वाले लड़के की मांग की जाती है। यह केवल एक आर्थिक सुरक्षा की मांग नहीं है, बल्कि एक गहरी मानसिकता का परिचायक है, जो यह मानती है कि लड़की को खुश रखने के लिए धन ही सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। यह न केवल विवाह को एक व्यापार बना देता है, बल्कि एक सच्चे रिश्ते की नींव को भी कमजोर करता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8373

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | | ■ | 3 | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | 4 | | | 5 |
| 6 | | 7 | ■ | 8 | | | ■ | |
| ■ | 9 | | 10 | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | ■ | 13 | | | | 14 | ■ | |
| 15 | | ■ | | ■ | 16 | | 17 | ■ |
| | ■ | 18 | | | ■ | 19 | | |
| 20 | | | | ■ | 21 | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 22 | | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. ईश्वरीय कृपा-4
4. कुंए पर पानी भरने का चबूतरा-4
6. दुर्बल का विलोम-3
8. सुनसान,नीरव-3
9. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
11. घोषवाक्य-2
13. चित्रपट,मायानगरी -3,2
15. सूर्य,भास्कर-2
16. उपनदी,कैनाल-3
18. व्यंग,परिहास-3
19. कौर,ग्रास-3
20. दफन करना-4
22. भूल,असावधानी-4

**ऊपर से नीचे**

1. अगुवा,रास्ता दिखाने वाला-4
2. सरुर,नशा,गरुर-2
3. चिंतन,विचारना-3
4. परजन भावना,गैरपन-5
5. भिड़ना,मुठभेड़-4
7. रेखा,लाईन-3
10. झाग बनना-5
12. सीमा,हद,बॉर्डर-4
14. शाखा,डाली-3
17. रिवाज,परंपरा-4
18. पाबंदी,रोक-3
21. स्वच्छ-2

## शब्द पहेली -8372 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ज | र | त | ■ | क | र | त | ब |
| र | न | ■ | र | म | ल | ■ | था | ह |
| द | ■ | ■ | ल | ■ | म | त | ■ | ला |
| म | हा | न | ■ | म | ना | क | र | ना |
| ■ | ■ | र | ■ | ना | ■ | रा | ■ | ■ |
| हा | थ | मा | र | ना | ■ | र | स | द |
| स | ■ | ई | ख | ■ | र | ■ | ■ | ल |
| नि | त | ■ | वा | द | क | ■ | क | द |
| क | र | ब | ला | ■ | म | ल | म | ल |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**21 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | वृष | 04.54 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मिथुन | 06.56 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.10 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 11.26 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 13.38 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 15.49 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.03 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 20.19 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 22.24 बजे से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | कुंभ | 00.11 बजे से |
| | | मीन | 01.44 बजे से |
| | | मेष | 03.14 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 141 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946
**मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** नवमी 03.22 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** शतभिषा 18.58 बजे को समाप्त।
**योग** वैधृति 00.35 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** तैतिल 16.14 बजे तदनन्तर गर 03.22 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 23.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 20° 12'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872351
**जूलियन दिन** 2460816.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्काद
**तारीख** 22

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# जंगल में मिला गांजे का जखीरा, तीन करोड़ से अधिक की खेप बरामद

**विजय मत, शहडोल**

जयसिंहनगर पुलिस ने जंगलों से बड़ी मात्रा में गांजे की एक बड़ी खेप को जब्त किया है। इसकी कीमत लगभग तीन करोड़ रुपये से अधिक बताई गई है। एसपी के निर्देश पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पुलिस एक ब्रेजा कार की तलाश कर रही है, जिसमें आरोपी भागे थे।

### मुखबिर से मिली सूचना

पुलिस ने बताया कि जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के गिरुई खुर्द गांव से दो किलोमीटर दूर जंगलों में गांजे की एक बड़ी खेप छुपाकर रखने की सूचना मुखबिर के द्वारा पुलिस को मिली थी। वरिष्ठ अधिकारियों को मामले से अवगत कराया गया और पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम ने मौके पर दबिश दी। जब मौके पर पुलिस पहुंची तो इतनी बड़ी मात्रा में गांजा देख पुलिस खुद हैरान रह गई। पुलिस के अनुसार जंगलों में 100 से अधिक बोरियों में गांजा मिला है। जिसका वजन लगभग 38 कुंटल 26 किलो है।पुलिस के अनुसार जहां पर गांजा मिला है वह जंगली क्षेत्र है और गांव की बस्ती से लगभग 2 किलोमीटर दूर है। शहडोल रीवा मुख्य मार्ग से घटनास्थल की दूरी लगभग 10 किलोमीटर बताई गई है।



### 100 से अधिक बोरियों में 38 क्विंटल गांजा जब्त

पुलिस के अनुसार प्लास्टिक की 100 से अधिक बोरियों में यह गांजे का जखीरा जब्त किया गया है। 38 कुंटल 26 किलो गांजे की कीमत पुलिस ने लगभग तीन करोड़ से अधिक बताई है।

### कार समेत आरोपी भागने में सफल

पुलिस जब कार्रवाई कर रही थी तभी एक ब्रेजा कार दिखाई दी, जिसका रंग सफेद था। गांजे के पास पुलिस कर्मियों को देखकर वाहन चालक ने वाहन को बैक किया और तेज रफ्तार वाहन लेकर भागने लगा। तभी पुलिस को शंका हुई और पुलिस ने कार का पीछा किया, लेकिन काफी पीछा करने के बाद भी वाहन भागने में सफल रहा। आगे के थानों में भी पुलिस ने इसकी जानकारी दी। सड़क पर भी पुलिसकर्मियों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वाहन में दो लोग सवार थे और तेज गति से वह भाग खड़े हुए। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि गांजे को कार में सवार लोगों ने ही जंगल में छुपा कर रखा होगा और उसे देखने आरोपी पहुंचे थे, लेकिन मौके पर पुलिस थी जिसे देखकर आरोपी भाग गए।

ब्यौहारी एसडीओपी रवि प्रकाश ने मामले में बताया की 38 कुंटल 26 किलो गांजा बरामद किया गया है, जिसकी कीमत तीन करोड़ से अधिक है। आरोपी अभी अज्ञात है, अज्ञात आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज कर कार्रवाई जारी है।



## सड़क दुर्घटना में घायलों को डायल हंड्रेड की मदद से पहुँचाया गया अस्पताल

शहडोल। थाना सिंहपुर क्षेत्र के छतहा तिराहे के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो पुरुष एक महिला और एक बच्ची घायल हो गए। इस संबंध में सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल.100 भोपाल को प्राप्त हुई जिसके बाद तत्काल सिंहपुर थाना क्षेत्र में तैनात डायल.100 वाहन को मौके पर रवाना किया गया। डायल.100 वाहन में तैनात आरक्षक आलोक सिंह बघेल और पायलेट भरत यादव द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुँचकर सभी घायलों को वाहन से सिंहपुर अस्पताल पहुँचाया गया जहाँ उनका उपचार जारी है। उल्लेखनीय है कि हंड्रेड डायल की पुलिस द्वारा कई बार मुसीबत में फंसे लोगों की मदद की जा चुकी है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी

शहडोल। जिला न्यायालय में 20 मई 2025 को, पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के खिलाफ दायर आपराधिक परिवाद (महाकुंभ 2025 के दौरान दिए गए विवादास्पद बयान के संबंध में) की सुनवाई निर्धारित थी। इस मामले में अधिवक्ता संदीप कुमार तिवारी द्वारा शास्त्री के बयान को भड़काऊ और असंवैधानिक बताते हुए परिवाद दायर किया गया था। कोर्ट ने शास्त्री को 20 मई को सुबह 11 बजे उपस्थित होने का नोटिस जारी किया था।हालांकि, सुनवाई नहीं हो सकी क्योंकि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, शहडोल, सीता शरण यादव छुट्टी पर हैं। धीरेंद्र शास्त्री की ओर से एक अधिवक्ता ने मेमो (स्मरण) के आधार पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है, जिसके तहत उन्होंने कोर्ट में उपस्थित होकर औपचारिक रूप से मामले में अपनी उपस्थिति चिह्नित की अगली तारीख पेशी सुनवाई 2जून को रखी गई है।

### शासकीय सेवकों के स्थानांतरण नीति 2025 के तहत प्रस्ताव तैयार कर भेजने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने प्रदेश सरकार द्वारा जारी स्थानांतरण नीति 2025 के तहत जिले के भीतर शासकीय सेवकों के स्थानांतरण से संबंधित प्रस्ताव जिसमें जनप्रतिनिधियों, विधायकों तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त प्रस्तावों को शामिल कर कलेक्टर कार्यालय को निर्धारित समयावधि में भेजने के निर्देश संबंधित विभाग जिला प्रमुखों को दिए हैं। विभागों से प्राप्त प्रस्तावों को तैयार कर प्रभारी मंत्री के अनुमोदन हेतु प्रेषित किया जाएगा।




### समग्र ई-केवायसी में प्रगति लाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

शहडोल। कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने समग्र ई-केवायसी के प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायतवार एवं नगरीय निकायवार प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों से ऑनलाइन चर्चा कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेन्द्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे, श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, ज्योति परस्ते सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मृतक के परिजनों को 25-25 लाख की सहायता राशि प्रदान करने के दिए निर्देश

शहडोल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहडोल जिले के ब्यौहारी क्षेत्रांतर्गत तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीणों पर हाथियों के हमले में तीन ग्रामीणों की मृत्यु होने पर वन विभाग की टीम को हादसे की जांच करने के निर्देश तथा प्रत्येक मृतक के वैध आश्रित परिजन को 25-25 लाख की सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश भी दिए हैं।

### संभाग स्तरीय कार्यशाला 22 एवं 23 मई को रीवा में

शहडोल। संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग तथा अनुसूचित जाति विकास श्रीमती ऊषा सिंह ने बताया है कि वनाधिकार अधिनियम 2006 के संबंध में संभाग स्तरीय कार्यशाला 22 एवं 23 मई 2025 को रीवा में विंध्यारिट्रीट आरटीओ कार्यालय के पीछे रतहरा तिराहा रीवा में आयोजित की गई है। इस कार्यशाला में रीवा एवं शहडोल संभाग के प्रतिभागी सम्मिलित होंगे।

## शराब ने छीन ली जान, बड़े भाई ने गुस्से में की छोटे भाई की हत्या



**विजय मत, शहडोल**

बुढ़ार थाना क्षेत्र के गांव सेमरा में एक दर्दनाक घटना हुई है। यहां एक बड़े भाई ने अपने छोटे भाई की हत्या कर दी। दोनों भाइयों के बीच आपसी झगड़ा हुआ, जिसमें शराब की लत की वजह से बात इतनी बढ़ गई कि छोटे भाई की जान चली गई।

शहडोल जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र के गांव सेमरा से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक बड़े भाई ने अपने ही छोटे भाई की हत्या कर दी। यह झगड़ा आपसी विवाद के कारण हुआ और इसमें शराब की लत भी बड़ी वजह रही। पुलिस ने आरोपी बड़े भाई को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है।

शहडोल जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र के गांव सेमरा में दो सगे भाइयों के बीच झगड़ा इतना बढ़ गया कि एक भाई की जान चली गई। पुलिस के मुताबिक, 50 साल के पुनवा बैगा और उसके 45 साल के छोटे भाई संजय बैगा के बीच अक्सर झगड़े होते थे। संजय को शराब पीने की बुरी लत थी, जिससे पूरा परिवार परेशान रहता था।

दो दिन पहले संजय शराब पीकर घर आया और बड़े भाई से झगड़ने लगा। नशे में वह लोहे की रॉड लेकर पुनवा को मारने दौड़ा। इस पर पुनवा ने रॉड छीनकर उल्टा संजय पर हमला कर दिया। संजय को सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। डायल 100 पुलिस मौके पर पहुंची और संजय को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

डॉक्टरों ने बताया कि संजय की हालत पहले से ही गंभीर थी और ज्यादा खून बहने की वजह से उसे बचाया नहीं जा सका। डॉक्टरों ने इसकी जानकारी अस्पताल पुलिस चौकी को दी, फिर यह मामला बुढ़ार थाना तक पहुंचा। पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए बड़े भाई पुनवा बैगा के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

परिवार के लोगों ने बताया कि संजय की शराब की आदत ने सभी को काफी परेशान कर रखा था। उन्होंने कई बार उसे समझाया, लेकिन उसने अपनी आदतें नहीं बदलीं और आखिरकार उसकी जान भी इसी वजह से चली गई। बुढ़ार थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने बताया कि आरोपी पुनवा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण के तहत खेल विधाओं का दिया गया प्रशिक्षण

शहडोल। मध्य प्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण युवाओं को निःशुल्क खेल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संभागीय मुख्यालय शहडोल के महात्मा गांधी स्टेडियम में कोच धीरेंद्र सिंह (एन आई एस) एथलेटिक्स कोच द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार शासकीय रघुराज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल मैदान में युवाओं को कबड्डी खेल सहित अन्य खेल विधाओं का प्रशिक्षण युवाओं को दिया गया।

## हाथियों के पैरों तले दबने से हुई तीन मौतों के बाद बढ़ाई गई गश्त

### बीटीआर बांधवगढ़ से भेजा गया 30 सदस्यीय रेस्क्यू टीम

**विजय मत, शहडोल**

जिले में विगत दिवस ब्यौहारी वनपरिक्षेत्र अंतर्गत जंगली हाथियों के पैरों तले दबने से तीन लोगों की मौत हुई थी। जिन क्षेत्रों में यह घटना घटी थी वहां वन विभाग द्वारा अलर्ट जारी कर गश्त बढ़ा दी गई है। बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व उमरिया से 30 सदस्यीय रेस्क्यू दल भेजा गया है।

जिसमें दो हाथी दल तथा पिंजरा भी शामिल है। शहडोल जिले के ब्यौहारी क्षेत्र में जंगली हाथियों के हमले से तीन ग्रामीणों की मौत के बाद वन विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। सोमवार को सनौसी और डोडा के जंगल में हुई इस घटना के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जांच के निर्देश दिए।

### आठ सदस्यीय विशेष टीम का गठन

वन विभाग ने आठ सदस्यीय विशेष टीम का गठन किया है। इसमें संजय टाइगर रिजर्व और बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक, उपसंचालक और डॉक्टर शामिल हैं। रेस्क्यू के लिए दो हाथियों को चिन्हित किया गया है। संजय टाइगर रिजर्व की टीम इन हाथियों पर निगरानी रख रही है।विशेषज्ञों के मुताबिक, हाथियों को छेड़ने, खदेड़ने या परेशान करने पर वे आक्रामक हो जाते हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उपसंचालक पीके वर्मा ने कहा कि रेस्क्यू टीम पूरी तरह तैयार है और सतर्क निगरानी के साथ रेस्क्यू अभियान चलाया जाएगा।

## बुढ़ार पुलिस द्वारा 06 घंटे के भीतर हत्या के आरोपी को किया गया गिरफ्तार



**विजय मत, शहडोल**

बुढ़ार थानान्तर्गत सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सेमरा निवासी संजय लाल बैगा की मृत्यु जिला अस्पताल शहडोल में उपचार के दौरान हो गई है। उक्त सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी बुढ़ार निरीक्षक संजय जायसवाल द्वारा टीम गठित कर जांच प्रारंभ की गई।

थाना बुढ़ार क्षेत्रांतर्गत 17 मई की रात्रि ग्राम सेमरा गड़ही टोला थाना बुढ़ार में घटित हुई। फरियादी राजेन्द्र उर्फ रज्जन पाण्डेय उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम सेमरा ने सूचना दी कि उन्हें उनके मोबाइल पर संजय लाल बैगा अपने घर के सामने खून से लथपथ पड़ा है। तत्काल मौके पर पहुंचे फरियादी ने देखा कि संजय लाल बैगा के सिर पर गंभीर चोटें हैं उसका बायां हाथ टूटा हुआ है शरीर के अन्य भागों में भी चोटें हैं।

घटनास्थल पर मौजूद लोगों की मदद से घायल संजय लाल को रोड किनारे सुरक्षित किया गया। पूछने पर संजय लाल बैगा ने बताया कि उसे उसके ही भाई पुनुआ बैगा उर्फ माधव सिंह द्वारा लोहे की रॉड से मारा गया है। घायल अवस्था में संजय लाल को डायल 100 की सहायता से अस्पताल पहुंचाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

प्राप्त घटनाक्रम एवं घटनास्थल निरीक्षण के बाद थाना बुढ़ार पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए आरोपी पुनुआ बैगा उर्फ माधव सिंह पिता पिता भूखन बैगा उम्र 45 साल निवासी ग्राम सेमरा थाना बुढ़ार को घटना के मात्र 06 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बुढ़ार निरीण् संजय जायसवाल के नेतृत्व में उप निरीक्षक उमाशंकर चतुर्वेदी सहायक उप निरीक्षक नवीन सिंह अवधराज सिंह राजेंद्र तिवारी प्रधान आरक्षक जगत सिंह आरक्षक शिशिर सिंह एवं चालक प्रधान आरक्षक प्रभात सिंह की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

## राशनधारी हितग्राही 31 मई तक कराएं ई-केवाईसी अन्यथा खाद्यान्न प्राप्त करने में होगी समस्या

शहडोल। जिला आपूर्ति नियंत्रक विपिन पटेल ने जानकारी दी है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से छ्टै। का खाद्यान्न निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में प्राथमिकता परिवारों को 05 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति सदस्य व अन्त्योदय परिवारों को 35 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति परिवार के मान से निःशुल्क वितरण किया जा रहा है साथ ही समस्त हितग्राहियों को नमक का वितरण 1 रूपये प्रति किलो की दर से एवं अन्त्योदय परिवारों को शक्कर का वितरण 20.00 रूपये प्रति किलो की दर से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन हितग्राहियों की ईकेवाईसी 31 मई 2025 तक नही हो पाएगी उन्हे आगामी माह से खाद्यान्न प्राप्त नही होगा। जिन परिवारों के किसी सदस्य की मृत्यु हो गई है या किसी लड़की की शादी होकर ससुराल चली गई है ऐसे परिवार ग्राम पंचायतों में सचिव/जीआरएस और नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका में जाकर ऐसे सदस्यों के नाम हटवा लें अन्यथा सभी सदस्यों की मालब नहीं हो ने से उन्हें खाद्यान्न उपलब्ध होने में परेशानी होगी। ऐसे हितग्राही जिनके परिवार के सभी सदस्यों की ईकेवाईसी नही हुई है वे उचित मूल्य दुकान के विक्रेता से सम्पर्क कर दिनांक 31 मई के पूर्व ईकेवाईसी अनिवार्य रूप से करा ले अन्यथा हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

**पुलिस-डाक्टर विवाद**

### जनपद के अधिकारी कर्मचारी भी आए घायल डाक्टर के पक्ष में, एसडीएम करेंगे जांच

# कलेक्टर ने मेडिकल बोर्ड टीम गठित करने के दिए आदेश

**विजय मत, शहडोल**

मंगलवार को सोहागपुर जनपद के अधिकारी कर्मचारी द्वारा कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से मिलकर ज्ञापन सोपा गया जिस पर कलेक्टर ने मेडिकल बोर्ड टीम गठित करने की बात कही और एसडीएम सोहागपुर को भी जांच अधिकारी बनाया गया।

यह बात कहीं ज्ञापन में ज्ञापन में कहां गया कि जनपद पंचायत कार्यालय में पदस्थ श्रीमती रत्नभाला मिश्रा उपयंत्री के पत्ति डॉ. कृष्णेन्द्रधर द्विवेदी के साथ थाना सोहागपुर पुलिस द्वारा मारपीट की गई। दिनांक 16 मई 2025 के रात्रि लगभग 1.30 जिला अस्पताल शहडोल से घर आ रहे थे जिनका घर होम गार्ड कार्यालय के बगल में हैं घर के पास खड़े होकर मेनगेट खुलवाने हेतु अपने घर में फोन लगाकर गेट खुलने के इंतजार में अपने घर के बाहर गेट पास खड़े हुए थे। इसी बीच पुलिस गस्तबल पहुंचा जिनके द्वारा डॉ.से पूंछतांछ की गई जिनके द्वारा बताया गया कि जिला अस्पताल से वापस घर आया हूं गेट खोलने हेतु फोन पर सूचित कर गेट खुलने के इंतजार में खड़ा हूं। किन्तु उक्त जानकारी के बाद भी पुलिस दल द्वारा डॉ.के साथ गाली गलौज करना प्रारंभ कर दिया गया जिस पर बात बढ़ गई और पुलिस कर्मियों



द्वारा डाक्टर से मारपीट की घटना को अंजाम दिया जाकर उनका मोबाईल एवं गाडी के चावी छीन ली गई तथा बीच बचाव उनके पत्नी जो जनपद पंचायत में उपयंत्री के पद पर पदस्थ है उनके साथ भी अभद्रता करते हुए उन्हें धक्का देकर अलग कर दिया गया और डॉ. को कोतवाली लेकर चले गए। इसी बीच डॉ. के पत्नी एवं उनके पिता भी थाना पहुंच कर उन्हें लॉकप से बाहर किये जाने का अनुरोध किया जाता रहा किन्तु थाने के अन्दर भी डॉ के साथ मारपीट की गई तथा सुबह लगभग 5.00 बजे गेडिकल कॉलेज में इलाज हेतु भरती करा दिया गया।


### पत्नी एवं पिता के विरूद्ध अपराध दर्ज

प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉ. उनकी पत्नी एवं पिता के विरूद्ध भी प्रकरण दर्ज किया गया जो बदले की भावना प्रत्तीत होती है। एक अकेला डॉ. पुलिस गस्त दल से मारपीट कैसे की जा सकती है यह चिन्तन का विषय है। डॉ. की डियूटी 24 घंटे की होती है कभी भी एमरजेंसी में कॉल आता है और डाक्टर को अस्पताल में उपस्थित होना होता है। यदि इस प्रकार की घटनाएं सुरक्षा बलों के द्वारा ही की जावेगी तो कोई कर्मचारी कहीं भी सुरक्षित नहीं हो सकता है।जिला एवं जनपद कार्यालय भी कार्यालयीन समय के बाद भी देर रात तक खुला रहता है जहां पर समय-सीमा में निराकृत किये जाने योग प्रकरणों का निराकरण की कार्यवाही की जाती है दूर दराज से आने माले सचिव, ग्राम रोजगार सहायक कार्यालयीन स्टॉप देर रात कार्यालय से अपने अपने घरों को जाते हैं कभी भी किसी के साथ इस प्रकरण की घटनाएं सुरक्षा बलों द्वारा की जा सकती है।

### एफआईआर निरस्त करनें की मांग

हमारा उपयंत्री,पीसीओ,सचिव, ग्रामरोजागर सहायक, एवं मोबलाईजर संघ संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंप कर निवेदन कर पुलिस दल द्वारा डॉ. के साथ मारपीट एवं उनकी पत्नी के साथ अभद्रता की गई है संबंधित पुलिस कर्मियों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जावे तथा डॉ. एवं उनकी पत्नी व पिता के विरूद्ध बदले की कार्यवाही की दृष्टि से की गई एफआईआर को तत्काल निरस्त करने की कार्यवाही की जावे।

## धनपुरी पुलिस ने की सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही



**विजय मत, शहडोल**

थाना धनपुरी अंतर्गत कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि साप्ताहिक बाजार थाना धनपुरी के पास में एक व्यक्ति सट्टा पर्ची के माध्यम से लोगों को पैसे की हार जीत के दाव लगवा रहा है। सूचना पर धनपुरी पुलिस द्वारा सूचना स्थान में घेराबंदी कर दबिश देकर आरोपी 1 मनोज कुमार कचेर पिता स्वण् गोविन्द प्रसाद कचेर उम्र 53 वर्ष निवासी वार्ड नं 17 कच्छी मोहल्ला धनपुरी थाना धनपुरी 02ण् दुर्गा वर्मन निवासी रीजनल कालोनी बुढार शहडोल के पास के कब्जे से सट्टा खिलाने से प्राप्त नगदी 1320 रुपये एक अदद् सट्टा पर्ची पेन आरोपियों से जब्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

### अवैध शराब जब्त

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई जिसमें कुल 05 स्थानों पर दबिश दी गई। उक्त कार्रवाई में 30 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जप्त की गई जिसकी कुल कीमत 3000 रुपए है। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई।

## न्यूज इन शॉर्ट



### पत्नी की हत्या के आरोपी को उम्रकैद, 5 हजार रुपए जुर्माना

अनूपपुर। ग्राम बड़हर निवासी 45 वर्षीय रमेश सिंह गोड को पत्नी की हत्या के मामले में प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश माया विश्वलाल की अदालत ने दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 5 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि 19 अक्टूबर को आरोपी रमेश सिंह ने आपसी विवाद में पत्नी की लाठी और बांस के डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। अगले दिन कोतवाली अनूपपुर में आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर जांच के बाद न्यायालय में चालान पेश किया गया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत गवाहों, मेडिकल रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच में आरोपी द्वारा इस्तेमाल किए गए हथियारों पर मृतिका का खून पाया गया, जिससे अपराध प्रमाणित हुआ। न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

### रेत का अवैध परिवहन करने पर 03 वाहन जब्त



अनूपपुर। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में खनिज विभाग अनूपपुर द्वारा आज बिजुरी क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर कार्यवाही करते हुए रेत का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर 03 वाहन ट्रेक्टरमय ट्राली को जब्त किया गया। जिनमें वाहन क्रमांक एमपी 18 एबी 6233, एमपी 54 एए 1366 तथा वाहन क्रमांक सीजी 16 सीएम 6268 जब्त कर वाहन स्वामियों के विरुद्ध नियमानुसार प्रकरण दर्ज किया गया है।

### पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन 31 मई तक

अनूपपुर। शासन के निर्देशानुसार पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के शैक्षणिक सत्र 2024-25 अंतर्गत नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति के आवेदन के लिए 31 मई 2025 तक एमपीटास पोर्टल खोला गया है। इसके लिए सभी पात्र विद्यार्थी 31 मई 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही जिले की सभी शिक्षण संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे संस्था में अध्ययनरत सभी पात्र विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कराएं। ताकि विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके।

### बीएमओ ने महिला के साथ की मारपीट, मामला दर्ज

सीधी। चुरहट थाना पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरहट के बीएमओ पर एक महिला के साथ मारपीट करने एवं स्कूटी में तोडफ़ोड़ करने को लेकर आपराधिक मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। फरियादिया प्रियंका पटेल पति सतीष पटेल उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 12 नकवेल, चुरहट ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि बीएमओ डॉ. वरुण सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरहट द्वारा दिनांक 17-18 मई 2025 की रात 2 बजे कठौतहा बाईपास डालडा फैक्ट्री के पास उसकी स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एसएल 5061 को रोंका गया। स्कूटी रुकने पर उनके द्वारा गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी गई। हांथ मुक्का से मारपीट कर धक्का देने पर वह नीचे गिर गई। जिससे उसके पैर व पीठ में भी चोंटे आई हैं। आरोपी द्वारा पत्थर से प्रहार कर उसकी स्कूटी को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर चुरहट थाना में आरोपी डॉ. वरुण सिंह के विरुद्ध अपराध क्रमांक 0324/25, धारा 126(2), 296, 115(2), 351(3), 324(4) बीएनएस के तहत दिनांक 19 मई को अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। डॉ. वरुण सिंह का विवादों से पुराना नाता है। उनके विरुद्ध पूर्व में भी मारपीट के कई मामले दर्ज हो चुके हैं। चुरहट थाना में अपराध क्रमांक 0004/25 में फरियादी डॉ. गौरव पाण्डेय पिता प्रकाश पाण्डेय सीएचसी चुरहट की रिपोर्ट पर डॉ. वरुण सिंह के विरुद्ध धारा 296 बीएनएस के तहत आपराधिक मामला पंजीबद्ध किया गया था। इसी तरह फरियादी डॉ. रामकलेश साकेत पिता शालिक राम साकेत चुरहट की रिपोर्ट पर डॉ. वरुण सिंह के विरुद्ध अपराध क्रमांक 0467/2022, धारा 294, 323 आईपीसी धारा 3(1)(द), 3(1)(घ), 3(2)(व्हीए) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

### मारपीट के बाद सुरक्षा को लेकर दहशत में विधवा महिला

सीधी। जिले के पुलिस चौकी पिपरांव अंतर्गत ग्राम कपुरी कोठार निवासी विधवा अर्चना मिश्र के साथ दबंगों द्वारा की गई मारपीट के बाद पुलिस ने एक हमलावर के विरुद्ध आपराधिक मामला पंजीबद्ध कर लिया है। घटना के बाद से विधवा महिला सुरक्षा को लेकर काफी दहशत में है। पीड़िता अर्चना मिश्र ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि मारपीट की घटना 17 मई की रात उसके साथ हुई थी। रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। घटना में शामिल आरोपियों द्वारा अब भी उसे परेशान किया जा रहा हैं। हालात यह हैं कि शाम ढ़लने के बाद उसका घर से निकलना भी काफी खतरे से घिर चुका है। आरोपी मंदिर परिसर में ही देर रात तक जमावड़ा लगाकर बैठते हैं। जिससे चलते उसे काफी दहशत महसूस हो रही है। उसके बच्चे भी काफी दहशत में हैं।

---


पुलिया निर्माण की मंजूरी के लिए 15 हजार की मांग, सचिव बृजेश तिवारी रंगे हाथ पकड़े गए

# चुकान पंचायत में रिश्वतखोरी का भंडाफोड़

## लोकायुक्त रीवा की 15 सदस्यीय टीम ने की बड़ी कार्रवाई, पहले भी ले चुका था 5 हजार की रकम





**विजय मत, अनूपपुर**

जिले के बदरा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत चुकान में एक बार फिर पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार की परतें खुलीं। पुलिया निर्माण कार्य की स्वीकृति दिलाने के एवज में पंचायत सचिव बृजेश तिवारी को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त रीवा की टीम ने मंगलवार को रंगे हाथ पकड़ लिया। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

### पहले भी ले चुका था पांच हजार की रिश्वत

लोकायुक्त पुलिस को यह शिकायत ग्रामवासी राजेंद्र सोनी और शिव शंकर प्रजापति ने दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, सचिव बृजेश तिवारी ने गांव में प्रस्तावित पुलिया निर्माण कार्य की स्वीकृति दिलवाने के नाम पर पहले ही 5 हजार रुपए नकद ले लिए थे। शेष 15 हजार की मांग बार-बार की जा रही थी। राजेंद्र और शिवशंकर ने जब इस भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई तो लोकायुक्त टीम ने गंभीरता से मामला लेते हुए एक 15 सदस्यीय ट्रैप टीम गठित की।

### दोपहर 12 बजे जैसे ही रुपए दिए, पकड़ लिए गए

जैसा कि पहले से तय योजना थी, मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे फरियादी ने सचिव बृजेश तिवारी को 15 हजार रुपये सौंपे। रुपये मिलते ही लोकायुक्त की टीम ने तुरंत दबिश दी और तिवारी को रिश्वत की रकम सहित रंगे हाथ पकड़ लिया।गिरफ्तारी के तुरंत बाद सचिव को भालूमाड़ा रेस्ट हाउस ले जाया गया, जहां उनसे घंटों तक पूछताछ की गई। मौके से रिश्वत की रकम, दस्तावेज और अन्य साक्ष्य जब्त किए गए हैं।

### भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज होगा प्रकरण

लोकायुक्त रीवा के विवेचक एएस मरावी ने बताया कि प्राथमिक पूछताछ पूरी कर ली गई है और आगे की कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। सचिव बृजेश तिवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

### पंचायतों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर फिर सवाल

इस घटना ने एक बार फिर पंचायत स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि सचिवों और अधिकारियों द्वारा छोटे-छोटे कार्यों की स्वीकृति और भुगतान के लिए भी मांग की जाती है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस कार्रवाई के बाद और कितनी सख्ती बरतता है।

---

# 13 वर्षीय बेटी से पिता ने किया दुष्कर्म , आरोपी गिरफ्तार

**विजय मत, कोतमा**




भालूमाडा थाना अंतर्गत रिश्तों को शर्मशार करने वाला एक हैवानियत भरा मामला सामने आया है। एक कलयुगी पिता ने अपनी ही 13 वर्षीय बेटी के साथ कई बार दरिंदगी करते हुए जान से खत्म करने की धमकी भी देता रहा। पीड़िता के साथ थाने पहुंच मां ने इसकी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि भालूमाडा थाना अंतर्गत 4 बच्चों के पिता ने अपनी ही 13 वर्षीय बेटी को मामा के घर छोड़ने के बहाने सुबह 4 बजे घर से जबरन घसीटते हुए सुनसान जगह में ले जाकर निर्वस्त्र करते हुए दरिंदगी की गई। दुष्कर्म से आहत खून से लथपथ बेटी द्वारा घर पहुंच कर मां से लिपटकर पूरी आपबीती बताई। जिसके बाद पूछे जाने पर आरोपी पिता ने किसी को भी बताने पर सभी को छोड़ देने व जान से मारने की धमकी देते हुए घटना को दबाता रहा। बार बार हुई घटना के बाद पीड़िता को साथ लेकर मां एवं नाना ने थाने पहुंच कर दरिंदगी एवं बालकों के संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कराया। थाना प्रभारी संजय खलको ने मामले पर तत्काल एक्शन लेते हुए आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है । मां के अनुसार कई बार हुई घटना के बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई और अपनी बेटी के लिए न्याय की गुहार लगाई है। मामले को लेकर पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ धारा 64,65(1) 351(3) बीएनएस एवं लैंगिक अपराध से बालकों के संरक्षण अधि नियम की धारा 3,4, 5एल, 5 एन के तहत मामला दर्ज करते हुए पीड़िता के मेडिकल और न्यायालय में कथन कराए जाने की तैयारी कर रही है आरोपी पिता को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहां से जमानत ना मंजूर कर सलाखों के पीछे भेजा गया।

### दिव्यांगों को बस किराये में 50 प्रतिशत छूट

अनूपपुर । राज्य शासन ने प्रदेश की सभी प्रक्रम बस सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जायेगी। परिवहन आयुक्त द्वारा सभी क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं।

दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन सक्षम प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र के रूप में केन्द्र या राज्य शासन द्वारा जारी यूनीक डिसऐबिलिटीज आई.डी. कार्ड प्रस्तुत करने पर किराये में 50 प्रतिशत छूट का लाभ दिया जाएगा। केन्द्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा यूनीक आई.डी. फॉर पर्सन विद डिस ऐबिलिटीज (यूडी आईडी) प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसमें दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड दिये जा रहे हैं। कार्ड के माध्यम से दिव्यांग केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

### जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने 58 आवेदन पत्रों में की सुनवाई




**विजय मत, अनूपपुर**

जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने 58 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी के.के. सोनी, अधीक्षक भू-अभिलेख प्रदीप मोगरे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगणों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में ग्राम ठोड़ीपानी तहसील जैतहरी के श्री सुरेश सिंह राठौर ने नलकूप खनन कराए जाने, ग्राम बेंदी तहसील पुष्पराजगढ़ की श्रीमती सुशीला बाई ने समग्र में नाम सुधार कराए जाने, ग्राम खैरीटोला तहसील जैतहरी के जगतराम ने उनके पट्टे की भूमि को सिंहपुर डायवर्सन में अधिग्रहण करने पर मुआवजा राशि दिलाए जाने, ग्राम बिजौड़ी तहसील अनूपपुर के छोटेलाल सिंह ने वृद्धावस्था पेंशन का लाभ दिलाए जाने, ग्राम कल्याणपुर तहसील जैतहरी के श्री रामकुमार साहू ने भूमि का नामांतरण कराए जाने के संबंध में आवेदन दिए।

---

### ग्राम पंचायत सेन्दुरी, पटनाकला एवं सोनमौहरी में विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न




**विजय मत, अनूपपुर**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती माया विश्वलाल के निर्देशानुसार आज जिले के ग्राम पंचायत सेन्दुरी, ग्राम पंचायत पटनाकला एवं ग्राम पंचायत सोनमौहरी में नालसा वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा योजना 2016, एसिड हमले के पीड़ितों के लिए विधिक सेवा योजना 2016, गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 एवं आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 विषय पर कानूनी जानकारी देने हेतु विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटेल ने शिविर में उपस्थित होकर उक्त विषयों पर विस्तार से लोगों को अवगत कराया तथा निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजना, मध्यस्थता योजना एवं अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान शिविर में असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री विकास शुक्ला, पैरालीगल वालेंटियर सुश्री प्रीति श्रीवास्तव एवं जिला प्राधिकरण के कर्मचारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश, तापमान में आई गिरावट , आंधी-तूफान से बढ़ी परेशानी

**विजय मत, सीधी**



इन दिनों मौसम ने अचानक बदलाव देखने को मिल रहा है। जिले में आंधी तूफान के बाद गरज-चमक के साथ बारिश हुई। इस बारिश से जिले में तापमान में काफी गिरावट आई है। आम नागरिकों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। वहीं तेज आंधी के चलते पेड़ ढहने से घर को छति पहुंचने सहित अन्य तरह के नुकसान भी हुए हैं।

जिले में मौसम के मिजाज ने मंगलवार को अचानक करवट ली। सुबह की तेज धूप व गर्मी से लोग परेशान रहे और अचानक दोपहर बाद आसमान पर काले बादल छाने लगे और दिन में अंधेरा छा छाने लगा। आंधी तूफान के साथ तेज बारिश भी हुई। आंधी और बारिश से आम की फसल को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। आंधी से उड़ रही धूल ने लोगों को परेशान किया। दोपहर करीब तीन बजे तेज बारिश शुरू हो गई। करीब आधे घंटे तक हल्की बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार वर्तमान में प्रदेश सहित जिले में 3 साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रक की हलचल देखने को मिल रही है। इसके कारण से बारिश और आंधी का दौर चल रहा है। आने वाले कुछ दिनों में बारिश के साथ गर्मी का असर भी देखने को मिलने की संभावना है।

**कार के ऊपर गिरा पेंड, क्षतिग्रस्त हुआ वाहन**

जिला मुख्यालय के पास पोस्ट आफिस के सामने एक्सिवी कार के ऊपर तेज तूफान के कारण पेंड़ गिर गया। जिससे कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। बताया गया है कि कार क्रमांक एमपी 07 जेड डब्ल्यू 1544 सडक़ के किनारे खड़ी थी। अचानक तेज तूफान आने के कारण पेंड़ गिरने के कारण पूरी तरह से कार क्षतिग्रस्त हो गई है।

**शहर एवं ग्रामों में घंटों रही बिजली बाधित**

सोमवार को दोपहर बाद बरसात में आंधी तूफान के बीच शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई। दोपहर करीब दो बजे से विद्युत आपूर्ति ठप होने के बाद करीब 6 बजे तक 4 घंटे बाद विद्युत आपूर्ति बहाल की जा सकी। पंखे कूलर एसी बंद रहे, जिससे गर्मी का एहसास होता रहा। वहीं कंप्यूटर आदि से आवश्यक दस्तावेजों को निकालने में कठिनाई हुई, लिहाजा आमजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस साल आम के बगीचे में पेड़ पर फल देखकर किसान काफी खुश थे। क्योंकि पेड़ों पर काफी फल लदे हुए हैं।

---

**कार्यवाही**

तीन दिन में 5 ट्रक चालक नशे में पकड़े गए, कोर्ट ने लगाया 52,500 का जुर्माना

# ड्रिंक एंड ड्राइव पर अनूपपुर ट्रैफिक पुलिस की सख्ती

## यात्री बसों की चेकिंग के विशेष अभियान में 28 बसों पर कार्रवाई, 20 से हटवाए प्रेशर हॉर्न

**विजय मत, अनूपपुर**

सड़क हादसों पर लगाम लगाने और ड्रिंक एंड ड्राइव जैसी गंभीर लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के लिए अनूपपुर ट्रैफिक पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बीते तीन दिनों में बड़ी कार्रवाई की गई है। 17 से 19 मई के बीच हुए वाहन चेकिंग अभियान में 5 ट्रक चालकों को शराब के नशे में वाहन चलाते पाया गया, जिन पर कार्रवाई करते हुए न्यायालय में चालान पेश किया गया। कोर्ट ने सभी पर कुल 52,500 रुपये का जुर्माना लगाया है।

बसों की जांच में भी 28 वाहन पाए गए दोषी

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिले में 31 मई तक चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के तहत अब तक 50 बसों की जांच की जा चुकी है। जांच के दौरान तकनीकी और अन्य कमियों के चलते 28 बसों पर कार्रवाई की गई, जिनसे 15,000 रुपये समन शुल्क वसूला गया। वहीं 20 बसों में प्रेशर हॉर्न लगे पाए गए, जिन्हें तत्काल निकलवाया गया।



### यह रहे अभियान के प्रमुख चेहरे

इस अभियान को सफल बनाने में यातायात प्रभारी ज्योति दुबे, सहायक उप निरीक्षक बृजेश सिंह चौहान, और आरक्षक योगेंद्र सिंह, महेश गुर्जर, ओमप्रकाश प्रजापति, दिलीप सिंह की सक्रिय भूमिका रही, जिसकी आमजन और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सराहना की जा रही है।

### ट्रैफिक पुलिस का संदेश- सड़क पर सुरक्षा से समझौता नहीं

अनूपपुर ट्रैफिक पुलिस का साफ संदेश है कि सड़क पर लापरवाही बरतने वाले, खासकर शराब के नशे में वाहन चलाने वाले चालकों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# इंग्लैंड दौरे के लिए फिटनेस हासिल करने में लगे हैं सरफराज



**नई दिल्ली, एजेंसी**

बल्लेबाज सरफराज खान ने इंग्लैंड दौरे की तैयारियां शुरु कर दी हैं। सरफराज को इंडिया ए में शामिल किया गया है। इंडिया ए टीम इस दौरे में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैच खेलगी। वहीं एक अभ्यास मैच भारतीय टीम से होगा। पिछले कुछ समय में सरफराज का वजन बढ़ा था जिसके कारण उनपर सवाल भी उठे थे। इसी को देखते हुए अब इस बल्लेबाज ने फिटनेस पर जोर देना शुरु कर दिया है। इसी के तहत ही सरफराज कड़े सख्त डाइट प्लान का पालन कर रहे हैं। इससे उन्होंने तकरीबन 10 किलो वजन घटाया है। सरफराज ने अभी तक विदेश में कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। उन्होंने 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ अपना डेब्यू किया था। सरफराज को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो टेस्ट के लिए इंडिया ए टीम में शामिल किया गया है। वह इस अवसर पर बेहतर प्रदर्शन कर भारतीय टीम में अपनी दावेदारी पेश करना चाहते हैं।

सरफराज अपनी फिटनेस के लिए उबली हुई सब्जि़यों के साथ ही चिकन खा रहे हैं1 वह दिन में दो बार अभ्यास भी कर रहे हैं। आउटसाइड ऑफ स्टंप गेंदों पर कैसे शॉट खेलना है, इसपर काम कर रहे हैं। यह इंग्लैंड के हालातों में जरुरी है क्योंकि वहां गेंद स्विंग करती है।

सरफराज को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान एक भी मैच खेलने का अवसर नहीं मिला था। उन्होंने अंतिम बार न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में तीसरा टेस्ट खेला था। अपने करियर में अब तक खेले गए 6 मैचों में सरफराज ने 37.10 की औसत से एक शतक और तीन अर्द्धशतक के साथ 371 रन बनाए हैं। अब तक के करियर का उनका एकमात्र शतक न्यूज़ीलैंड के खिलाफ था। जब उन्होंने बेंगलुरु में शानदार 150 रन बनाए थे. इससे पहले उन्होंने मुंबई के लिए नाबाद 222 रन की धमाकेदार पारी खेली थी। जिससे टीम को ईरानी कप जीतने में अहम भूमिका निभाई थी।

सरफराज अनुभवी खिलाड़ियों रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद खाली हुई जगह के लिए अपनी दावेदारी पेश करना चाहते हैं। सरफराज का लक्ष्य इंडिया ए के लिए सीरीज में अच्छा प्रदर्शन कर टेस्ट सीरीज खेलने का अवसर पाना है। वह अपने पिता नौशाद खान के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत कर रहे हैं ताकि विदेशी टेस्ट पास कर सकें।

**टेबल टेनिस**



दोहा में पुरुषों के आईटीटीएफ विश्व टेबल टेनिस के युगल मुकाबलों में भाग लेती हुई रोमानियाई जोड़ी।


## पोंटिंग बोले- सरल और प्रभावी रवैये से पंजाब किंग्स को सफलता मिली



**जयपुर।** पंजाब किंग्स टीम के कोच रिकी पोटिंग टीम के प्लेऑफ में पहुंचने से बेहद उत्साहित हैं। पोंटिंग ने ड्रेसिंग रूम में टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि टीम ने इस सत्र में अब तक जबरदस्त खेल दिखाया है। उसेन खिलाड़ियों की दृढ़ता की प्रशंसा की। पोंटिंग ने कहा कि खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट की शुरुआत से ही एक सरल पर प्रभावी रवैया अपनाया है, जिससे विपरीत हालातों में भी वे अपना स्वाभाविक खेल दिखा पाये। बल्लेबाजी इकाई के साथ अपनी खुशी व्यक्त करते हुए जिन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के लिए युवा नेहल वढेरा की जमकर तारीफ की। नेहल ने केवल 37 गेंदों पर ही 70 रन बनाए। पोंटिंग ने कहा, आपने जो किया उससे आप विरोधी टीम पर दबाव बनाने में सफल रहे। आपको इस प्रारूप में आगे भी ऐसा करना ही होगा। उन्होंने शशांक सिंह की भी प्रशंसा की। साथ ही कहा कि

# आईपीएल प्लेऑफ में जगह बनाने दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियन्स में आज होगा मुकाबला

**शाम 7:30 बजे से होगा मैच**




**मुंबई, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बुधवार को मुंबई इंडियन्स और दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला होगा। इस मुकाबले में दोनो ही टीमें जीत हासिल कर प्लेऑफ के लिए अपनी दावेदारी पक्की करने उतरेंगी। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत की दावेदार हैं पर मुम्बई इंडियंस को घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। इसके अलावा पिछले कुछ मैचों में उसका प्रदर्शन दिल्ली से बेहतर रहा है जिसका लाभ भी उसे मिलेगा। प्लेऑफ के बचे हुए एक स्थान के लिए अब ये दोनो ही दावेदार हैं क्योंकि एक अन्य दावेदार लखनऊ सुपरजायंट्स सनराइजर्स हैदराबाद से हुए मुकाबले में हार से दौड़ से बाहर हो गयी हैं। वहीं गुजरात टाइटन्स, पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पहले ही प्लेऑफ में पहुंच गयी हैं। अब तक के प्रदर्शन पर नजर डालें तो इस सत्र में दिल्ली ने शुरुआती मुकाबलों में लगातार जीत हासिल की थी पर पिछले छह मैच में सिर्फ एक जीत दर्ज कर पाई है जिसके कारण उसपर दबाव रहेगा। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज भी लय में नजर नहीं आ रहे। वहीं दूसरी ओर मुम्बई को शुरुआती मैच में हार मिली थी पर एक बार जीत की लय मिलने के बाद उसने पीछे मुड़कर नहीं देखा है। अंकों की बात करें तो मुंबई इंडियंस के 14 अंक हैं। वहीं दिल्ली कैपिटल्स के 13 अंक हैं और इस स्तर पर आने के बाद दोनों के पास ही प्लेऑफ में जगह बनाने का मौका है। एक जीत से जहां मुम्बई 16 वहीं दिल्ली 15 अंकों पर पहुंच जाएगी। ऐसे में कैपिटल्स को आगे बढ़ने के लिए अपने बचे हुए दोनों मुकाबले जीतने की जरूरत है, वहीं मुम्बई के लिए एक जीत ही काफी है। दोनों टीमों को अपने अंतिम मैच पंजाब किंग्स से खेलने हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी लय में हैं जिसका लाभ उसे मिलेगा। इस मैच में जीत से मुंबई की टीम प्लेऑफ में पहुंच जाएगी पर वह हारी तो 24 मई को दिल्ली और पंजाब के बीच होने वाले मुकाबले के परिणाम पर उसका प्लेऑफ में जाना तय होगा।

### दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस-**हार्दिक पांड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज, रेयान रिकेल्टन, श्रीजीत कृष्णन, बेवन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिचेल सेंटनर, राज अंगद बावा, रघु कुमार, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान और जसप्रीत बुमराह।

**दिल्ली कैपिटल्स-**अक्षर पटेल (कप्तान), मुस्ताफिजुर रहमान, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, लोकेश राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकांडे, त्रिपुराना विजय, दुष्मंता चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।

# एशिया कप से भारतीय टीम के हटने की खबरें गलतः बीसीसीआई




- सचिव सैकिया बोले, अभी तक इस मामले में कोई फैसला नहीं हुआ

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय टीम के एशिया कप से हटने की खबरों को गलत बताया है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा है कि इस प्रकार की जो भी रिपोर्ट आई हैं वे आधारहीन हैं क्योंकि हमने अभी तक एशिया कप को लेकर कोई फैसला नहीं किया है। वहीं इससे पहले कई मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारतीय टीम अगले महीने श्रीलंका में होने वाले महिला इमर्जिंग टीम एशिया कप और सितंबर में होने वाले पुरुष एशिया कप में भाग नहीं लेगी क्योंकि एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) का प्रमुख एक पाकिस्तानी मंत्री मोहसिन नकवी है। एशिया कप सितंबर में भारत में होना है जबकि महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप की मेजबानी श्रीलंका को मिली है।

सैकिया ने कहा, ऐसी सभी खबरें आधारहीन है क्योंकि अभी तक बीसीसीआई ने आगामी एसीसी आयोजनों के संबंध में ना तो कोई चर्चा की है और ना ही कोई कदम उठाया है, एसीसी को कुछ लिखना तो दूर की बात है। उन्होंने साथ ही कहा, इस समय हमारा पूरा ध्यान आईपीएल और उसके बाद होने वाली इंग्लैंड सीरीज पर है। एशिया कप या किसी अन्य एसीसी इवेंट को लेकर कोई बात नहीं हुई है। साथ ही कहा जब भी एशिया कप को लेकर बात होगी उसकी जानकारी मीडिया को दी जाएगी।



**सोना 92,850 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 95,000 रुपये के करीब**

# सोने के भाव घटकर 93,000 के नीचे, चांदी में भी नरमी



**नई दिल्ली, एजेंसी**

सोने-चांदी के वायदा भाव मंगलवार को गिरावट के साथ खुले। घरेलू बाजार में सोने के भाव 92,850 रुपये, जबकि चांदी के भाव 95,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने चांदी के वायदा भाव में नरमी देखी जा रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 296 रुपये की गिरावट के साथ 93,001 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 93,297 रुपये था। इस समय यह 416 रुपये की गिरावट के साथ 92,881 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट आज 128 रुपये की गिरावट के साथ 95,325 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 95,453 रुपये था। इस समय यह 446 रुपये की गिरावट के साथ 95,007 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव के भाव में नरमी देखने को मिल रही है। कामेक्स पर सोना 3,233. डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,233.50 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 25.30 डॉलर की गिरावट के साथ 3,208.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव पिछले महीने 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए थे। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 32.50 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 32.50 डॉलर था। इस समय यह 0.16 डॉलर की गिरावट के साथ 32.34 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# कोल इंडिया की सब्सिडियरी कंपनी का आईपीओ जल्द

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नवरत्न कंपनी कोल इंडिया की सब्सिडियरी कंपनी का आईपीओ आने वाला है। कोल इंडिया ने कहा है कि बीसीसीएल और सीएमपीडीआई ने लिस्टिंग की प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है। जल्द ही सेबी के पास ड्राफ्ट पेपर्स फाइल कर दिया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम जल्द ही डीआरएचपी फाइल कर देंगे। बता दें कि डीआरएचपी पब्लिक लिस्टिंग के प्राइमरी डॉक्यूमेंट है। उन्होंने बताया कि आईपीओ के लिए बुक रनिंग लीड मैनेजर नियुक्त कर लिया गया है। कोयला मंत्रालय ने पहले ही बता दिया था कि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड और सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट की लिस्टिंग होगी। कोल इंडिया के शेयरों का भाव सोमवार को बाजार के बंद होने के समय पर 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 402.90 रुपये पर था। बीते 3 महीनों के दौरान कोल इंडिया के शेयरों की कीमतों में 11 प्रतिशत की तेजी आई है।

## रुपया गिरावट के साथ हुआ बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया बुधवार को 17 पैसे की गिरावट के साथ ही 85.59 पर बंद हुआ। आज सुबह घरेलू शेयर बाजारों में नरम रुख और विदेशी पूंजी की निकासी से रुपया शुरुआती कारोबार में 13 पैसे कमजोर होकर 85.55 प्रति डॉलर पर आ गया। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.47 प्रति डॉलर पर खुला। फिर डॉलर के मुकाबले 85.55 पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से 13 पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.42 पर बंद हुआ। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 100.36 पर रहा।

## एम्बेसी रीट ने 2,000 करोड़ रुपये का जुटाया ऋण

**नई दिल्ली।** एम्बेसी ऑफिस पार्क्स रीट ने शेयर बाजार को मंगलवार को दी सूचना में बताया ?कि कंपनी ने तीन साल की अवधि के लिए 7.21 प्रतिशत की ब्याज दर पर 2,000 करोड़ रुपये का 'कूपन-बेयरिंग' कर्ज जुटाया है। एम्बेसी रीट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा ?कि यह लेनदेन एम्बेसी रीट के मजबूत बही-खाते को दर्शाता है। साथ ही भारत के वाणिज्यिक रियल एस्टेट क्षेत्र में अग्रणी ऋणदाता के रूप में हमारी स्थिति को मजबूत करता है। यह पुनर्वित्त हमें भविष्य के वृद्धि अवसरों को भुनाने के लिए अच्छी स्थिति में लाता है। एम्बेसी रीट के खंड में 4.03 करोड़ वर्ग फुट का पूर्ण परिचालन क्षेत्र शामिल है और इसमें विश्व की 272 अग्रणी कंपनियां कार्यरत हैं।

## डीएलएफ का मार्च तिमाही में मुनाफा बढ़कर 1,282 करोड़ पहुंचा

**नई दिल्ली।** दिग्गज रियल्टी कंपनी डीएलएफ लिमिटेड का मार्च तिमाही में मुनाफा 39 प्रतिशत बढ़कर 1,282 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है, जबकि समूचे वित्त वर्ष 2024-25 में इसकी बिक्री बुकिंग 21,223 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। डीएलएफ ने कहा कि उसकी बिक्री बुकिंग पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 14,778 करोड़ रुपये के मुकाबले वित्त वर्ष 2024-25 में 44 प्रतिशत बढ़ गई। गुरुग्राम स्थित बेहद आलीशान आवासीय परियोजना 'द डहेलियाज' में बंपर बुकिंग की इसमें अहम भूमिका रही है। देश की अग्रणी रियल एस्टेट कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की मार्च तिमाही में मुनाफा 39 प्रतिशत बढ़कर 1,282.2 करोड़ रुपये हो गया जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 919.82 करोड़ रुपये थी। बीती तिमाही में कंपनी की कुल आय पिछले वर्ष की इसी अवधि के 2,316.7 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,347.77 करोड़ रुपये हो गई। समूचे वित्त वर्ष 2024-25 में डीएलएफ का मुनाफा बढ़कर 4,366.82 करोड़ रुपये हो गया जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में 2,723.53 करोड़ रुपये था।

## ऑस्ट्रेलियाई केंद्रीय बैंक ने प्रमुख नीतिगत दर घटाकर 3.85 प्रतिशत की

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के केंद्रीय बैंक ने मंगलवार को अपनी प्रमुख नीतिगत दर में कटौती की। एक चौथाई प्रतिशत की कटौती के साथ अब यह 3.85 प्रतिशत है। ऑस्ट्रेलिया के रिजर्व बैंक ने अपनी प्रमुख ब्याज दर को 4.1 प्रतिशत से घटाकर 3.85 प्रतिशत किया। अक्टूबर 2020 के बाद से फरवरी में पहली बार इसे 4.35 प्रतिशत से घटाया गया था। ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बनी हुई थी हालांकि पिछले सप्ताह अमेरिका और चीन के शुल्क वृद्धि को 90 दिन के लिए टालने पर सहमति बनने के बाद इसकी संभावना थोड़ी कम हो गई थीं। बैंक मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत से तीन प्रतिशत के बीच के लक्ष्य दायरे की ओर ले जाने के लिए ब्याज दरों को समायोजित करता है। मुद्रास्फीति भी पिछले तीन महीनों से 2.4 प्रतिशत पर स्थिर है। हालांकि अंतर्निहित आंकड़ा 2024 की अंतिम तिमाही में 3.2 प्रतिशत था। जनवरी-मार्च में बेरोजगारी दर अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के 4.0 प्रतिशत से बढ़कर 4.1 प्रतिशत हो गई, लेकिन यह अपेक्षाकृत कम बनी हुई है।

# आईटीआर भरने की आखिरी तारीख 31 जुलाई

**आईटीआर फार्म 1 से 7 तक को नोटिफाई**




**नई दिल्ली, एजेंसी**

नए वित्तवर्ष की शुरुआत होने के बाद से डेढ़ महीने से भी ज्यादा वक़्त बीत गया है, लेकिन अभी तक आईटीआर दाखिल करने के मामले में कोई फुर्सत नहीं मिली है। इनकम टैक्स विभाग ने आईटीआर फार्म 1 से 7 तक को नोटिफाई कर दिया है, लेकिन काफी लोगों को इसकी तैयारी में मुश्किलें आ रही है। वित्तवर्ष 2024-25 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न भरना है, लेकिन फॉर्म भरने के लिए वक़्त न मिलने के कारण इनकम टैक्सपेयर्स की चिंताएँ बढ़ रही हैं। 31 जुलाई से पहले अपना आईटीआर भरने वाले लोगों को तैयार रहना चाहिए और स्वीकृति समय से पहले जमा करने का पूरा लाभ उठाना चाहिए। करदाताओं को इस बार उनके नियोक्ताओं द्वारा दिए जाने वाले फॉर्म 16 के साथ भी कई समस्याएँ हो रही हैं। फॉर्म 16 में की गई परिवर्तनों और दोबारा फॉर्म प्राप्त करने की तारीख के बीच, करदाताओं को अपनी टैक्स रिटर्न भरने में मुश्किलें आ रही हैं। ऐसे में टैक्सपेयर्स को ध्यान देने की जरूरत है कि वे अपने आईटीआर फॉर्म को समय पर भरें और खुद को अनावश्यक जुर्मानों से बचाएं। आईटीआर भराए बिना छूटने के चुक जाने वाले करदाताओं के लिए भी विभिन्न अवसर हाल में किए गए हैं, जिनमें खास छूटें की शुरुआत से लेकर आकस्मिक या आर्थिक संकट की स्थिति में आईटीआर दाखिल करने के लिए अत्यंत जरूरी है। समय के साथ चलते रहना, समय पर दाखिला करना और सबसे महत्वपूर्ण बात, सही जानकारी और प्रस्तुति के साथ आईटीआर दाखिल करना, टैक्सपेयर्स के लिए महत्वपूर्ण है।

# सेंसेक्स 873 अंक गिरकर 81,186 पर बंद, निफ्टी 262 अंक लुढ़का

**ऑटो और रियल्टी शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली, बोराना वीव्स का आईपीओ ओपन हुआ**




**मुंबई, एजेंसी**

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन आज यानी 20 मई को सेंसेक्स 873 अंक गिरकर 81,186 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 262 अंक की गिरावट रही, ये 24,684 के स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स के 30 में से 27 शेयरों में गिरावट और 3 में तेजी रही। जोमैटो का शेयर 4.10 प्रतिशत की गिरा। मारुति और अल्ट्राटेक सीमेंट सहित कुल 14 शेयरों में 2.8 प्रतिशत तक गिरावट रही। टाटा स्टील में मामूली तेजी रही।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 42 गिरकर बंद हुए। ऑटो, मीडिया और रियल्टी में करीब 2 प्रतिशत की गिरावट है। NSE के ऑटो सेक्टर में 2.17 प्रतिशत, हेल्थकेयर में 1.41 प्रतिशत, रियल्टी में 1.11 प्रतिशत, मीडिया और फार्मा में 1.36 प्रतिशत की गिरावट रही। अमेरिका और भारत के बीच संभावित व्यापार समझौते को लेकर मार्केट की उम्मीदें कम हो रही हैं। निवेशक अब बातचीत पर क्लेरिटी चाहते हैं। क्योंकि चीन और ब्रिटेन ने अमेरिका के साथ डील फाइनल कर ली है। मूडीज ने अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग कम करके Aav कर दिया है। इससे मार्केट सेंटिमेंट प्रभावित हुआ है। अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग में गिरावट ने फाइनेंशियल मार्केट को प्रभावित किया है।

नए पॉजिटिव ट्रिगर की कमी- पिछले कुछ सेशन में भारतीय शेयर बाजार नए ट्रिगर्स की कमी के चलते एक लिमिट में रहा है। टैरिफ और जियो-पॉलिटिकल टेंशन के बाद, बाजार लाभ को बनाए रखने के लिए चौथी तिमाही के GDP और इनकम ग्रोथ का इंतजार कर रहा है। जून में RBI और स फेडरल रिजर्व की मीटिंग भी घरेलू बाजार को प्रभावित करेंगी। मुनाफा वसूली- पिछले कुछ सेशन से बाजार लगातार बढ़ता रहा है। ऐसे में जियो पॉलिटिकल टेंशन और भारत-पाक संघर्षों के अनिश्चितता के चलते बाजार में हर तेजी के बाद निवेशक मुनाफावसूली कर रहे हैं। इससे बाजार में गिरावट हो रही है। विदेशी निवेशक बाजार को लेकर सतर्क हैं- बढ़े हुए वैल्यूएशन, मिक्स्ड अर्निंग और ट्रेड डील में देरी के लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 19 मई को कैश सेगमेंट में 525.95 करोड़ मूल्य के भारतीय शेयर बेचे। बोराना वीव्स लिमिटेड का आईपीओ यानी इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग आज से निवेशकों के लिए ओपन हो गया है। इन्वेस्टर इस इश्यू के लिए 22 मई तक बोली लगा सकेंगे। कंपनी के शेयर 27 मई को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे।

इस इश्यू के जरिए कंपनी कुल 145 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी करीब 67 लाख फ्रेश शेयर्स जारी करेगी। इश्यू में कंपनी के मौजूदा निवेशक या प्रमोटर ऑफर फॉर सेल यानी OFS के जरिए एक भी शेयर नहीं बेचेंगे। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार, 19 मई को सेंसेक्स 271 अंक नीचे 82,059 पर बंद हुआ।

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का पोस्ट ऑफिस में औचक निरीक्षण, गंदगी देख उठाई झाड़ू और कर दी सफाई

**विजय मत, ब्यूरो, अशोकनगर**

अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने चंदेरी और ईसागढ़ क्षेत्र को करोड़ों की सौगात दी। इस दौरान सिंधिया ईसागढ़ पोस्ट ऑफिस पर औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। पोस्ट ऑफिस कार्यालय में उन्हें कचरा फैला दिखाई दिया। इस पर केंद्रीय मंत्री ने झाड़ू थामा और खुद ही सफाई करने लगे। इस दौरान उन्होंने वहां पर मौजूद अधिकारियों-कर्मचारियों को नियमित साफ सफाई के निर्देश दिए। सिंधिया की सादगी और अंदाज ने एक बार फिर से लोगों का दिल जीत लिया।

इसके बाद कालीटोर में ग्राम चौपाल लगाकर न सिर्फ ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण कराया, बल्कि आदिवासियों को





प्रोत्साहित करने के लिए उनके साथ सेरा नृत्य किया। चंदेरी में 8.8 करोड़ तो ईसागढ़ क्षेत्र में 7.3 करोड़ रुपये के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। ऑपरेशन सिंदूर के चलते बने भारत पाक युद्ध के हालातों को देखते हुए ऐन वक्त पर कार्यक्रम रद्द कर दिया गया था।

सुबह केंद्रीय मंत्री ने चंदेरी के मेला ग्राउंड में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सिंधिया ने कहा कि जिले के विकास का लक्ष्य ही मेरा पहला दायित्व है। मेरे लिए मेरी जनता की सेवा करना सच्ची सेवा है। इसी सेवाभाव से कार्य किए जा रहे हैं। चंदेरी के विकास के लिए हर संभव सभी आवश्यक कार्य कराए जाएंगे। चंदेरी हमारी है। उन्होंने कहा कि ललितपुर चंदेरी पिपरई तक की रेलवे लाइन के लिए सर्वे शुरू हो गया है। चंदेरी के कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद केंद्रीय मंत्री सिंधिया ईसागढ़ क्षेत्र पहुंचे। यहां कालीटोर गांव में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों से चर्चा की। आदिवासी समुदाय के लोगों ने पारंपरिक वेश-भूषा में अगवानी की। इस पर केंद्रीय मंत्री भी आदिवासियों के पारंपरिक नृत्य सेरा में भाग लेकर थिरके।

# मप्र में पारेषण हानि अब तक के न्यूनतम स्तर परः तोमर

- विद्युत नियामक आयोग के निर्धारित लक्ष्य 2.77 प्रतिशत के मुकाबले हासिल किया 2.60 प्रतिशत पारेषण हानि

**विजय मत, भोपाल**



ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश ने विद्युत पारेषण क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए पारेषण हानि (ट्रांसमिशन लॉस) को ऐतिहासिक रूप से न्यूनतम स्तर तक लाने में सफलता प्राप्त की है। यह उपलब्धि विद्युत कर्मियों की तकनीकी दक्षता, सतत निगरानी, उन्नत प्रबंधन प्रणाली और अत्याधुनिक तकनीकी उपायों के समन्वय से संभव हो सकी है।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग (MPERC) द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित 2.77 प्रतिशत लक्ष्य की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में पारेषण हानि को घटाकर 2.60 प्रतिशत तक लाया गया है। यह राज्य की विद्युत कंपनियों की कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह पिछले दो वर्षों की तुलना में भी उल्लेखनीय सुधार है। वर्ष 2022-23 और 2023-24 में पारेषण हानि 2.61 प्रतिशत थी, जबकि वर्ष 2024-25 में इसमें 0.01 प्रतिशत की और गिरावट दर्ज की गई है।

### विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता होगी बेहतर

एम.पी. ट्रांसको द्वारा किए गए नवाचारों, स्कॉडा प्रणाली जैसी उन्नत तकनीकी विधियों, विद्युत ग्रिडों की निरंतर निगरानी और समय-समय पर किए गए रख-रखाव के चलते यह सफलता संभव हो सकी है। कंपनी विद्युत नेटवर्क के आधुनिकीकरण और क्षमतावर्धन की दिशा में लगातार प्रयासरत है। यह सफलता न केवल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और उपभोक्ताओं को अधिक स्थिर व निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में भी सहायक सिद्ध होगी।

### पारेषण हानि में कमी के लाभ

किसी भी ट्रांसमिशन प्रणाली में पारेषण हानि के न्यूनतम स्तर पर होने से न केवल पर्यावरणीय प्रभाव कम होता है, बल्कि विद्युत उत्पादन की लागत भी घटती है। इसके अतिरिक्त, यह वोल्टेज स्तर समेत अन्य तकनीकी मानकों को स्थिर रखने में भी सहायता करता है। इससे समग्र बिजली प्रणाली अधिक विश्वसनीय बनती है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-2.0 में बनेंगे 10 लाख आवास

**भोपाल।** प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-2.0 सबके लिये आवास मिशन शुरू किया जा चुका है। यह मिशन वर्ष 2029 तक 5 वर्ष की अवधि के लिये क्रियान्वित किया जायेगा। देश भर में एक करोड़ और मध्यप्रदेश में 10 लाख नवीन आवासों के निर्माण का कार्यक्रम तैयार किया गया है। योजना का उद्देश्य सभी पात्र शहरी गरीब एवं आवासहीन परिवारों को सुरक्षित स्थायी और किफायती आवास उपलब्ध कराना है। प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-1.0 (पीएमएवाई) में अब तक 8 लाख 50 हजार आवासों का कार्य पूरा किया जा चुका है। इस पर अब तक 22 हजार 975 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अधिकारियों को पीएमएवाई-यू-2.0 के लक्ष्य को समय-सीमा में हासिल करने के लिये निर्देश जारी किये गये हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-2.0 में पात्र लाभार्थी को 4 प्रमुख घटकों के माध्यम से लाभ दिया जायेगा। योजना के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। इच्छुक हितग्राही आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा विकसित यूनिफाइड वेब पोर्टल (https://pmay-urban.gov.in/) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये हितग्राही अपने संबंधित नगरीय निकाय कार्यालय में भी सम्पर्क कर सकते हैं। केन्द्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र परिवार आवास के अभाव में न रहे।

### मध्य प्रदेश में हाईकोर्ट जजों के 22 पद खाली

**भोपाल।** देश के विभिन्न हाईकोर्ट में बड़ी संख्या में जजों के पद खाली पड़े हुए हैं। रिक्त पदों पर नियुक्ति नहीं की गई है। मध्य प्रदेश के लिए 53 पद स्वीकृत हैं। कार्यरत जजों की संख्या मात्र 31 रह गई है। 22 पद खाली पड़े हुए हैं। 30 मई को मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत तथा 2 जून को न्यायमूर्ति डीबी रमना का कार्यकाल समाप्त होने जा रहा है। हाई कोर्ट का ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू हो गया है। इन दोनों जजों को भी विदाई दे दी गई है। जिसके कारण मध्य प्रदेश में जजों के 22 पद रिक्त हो जाएंगे। उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट जजों के 160 पद स्वीकृत हैं। इसमें से 73 पद खाली पड़े हुए हैं। इसी तरह राजस्थान में 50 जजों के पद स्वीकृत हैं। 12 पद यहां पर भी खाली पड़े हुए हैं। छत्तीसगढ़ राज्य के लिए 22 पद स्वीकृत है। यहां पर भी जजों के छह पद खाली पड़े हुए हैं।

### मप्र के श्रद्धालुओं के लिए भारत गौरव ट्रेनों की सौगात, यहीं से मिलेगा केदारनाथ के लिए हेलीकॉप्टर का कंफर्म टिकट

**भोपाल।** मप्र के तीर्थ यात्रियों के लिए आईआरसीटीसी ने जून और जुलाई में विशेष भारत गौरव पर्यटक ट्रेनों की घोषणा की है, जिनमें से एक ट्रेन 7 जून को नागपुर से और दूसरी 5 जुलाई को इंदौर से रवाना होगी। इन ट्रेनों की खास बात यह है कि केदारनाथ यात्रा करने वाले यात्रियों को कंफर्म हेलिकॉप्टर टिकट देने के साथ बाबा केदार के दर्शन कराए जाएंगे। भोपाल, इटारसी, बीना, उज्जैन, रतलाम जैसे मध्यप्रदेश के प्रमुख स्टेशनों से यात्री इन ट्रेनों में सवार हो सकेंगे। आईआरसीटीसी की ये दोनों ट्रेनें उत्तर और दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों की यात्रा कराएंगी, जिसमें श्रद्धालुओं को पूरी यात्रा के दौरान आवास, भोजन, यात्रा बीमा, ऑनबोर्ड सुविधाएं और अनुभवी टूर गाइड्स की सेवा भी मिलेंगी। यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेनें मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों से होकर गुजरेंगी, जिससे राज्य के हर कोने से श्रद्धालु इस विशेष यात्रा का हिस्सा बन सकें। आईआरसीटीसी के रीजनल मैनेजर आर भट्टाचार्य का कहना है कि पहली विशेष ट्रेन देवभूमि बड़ी केदार कार्तिक स्वामी यात्रा 7 जून 2025 को नागपुर से रवाना होगी। यह ट्रेन नागपुर, इटारसी, भोपाल, बीना, झांसी, ग्वालियर, आगरा, मथुरा होते हुए हरिद्वार पहुंचेगी। वहां से यात्रियों को रोड यात्रा द्वारा केदारनाथ, कार्तिक स्वामी और तुंगनाथ जैसे प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे। खास बात यह है कि इस यात्रा में केदारनाथ के लिए कंफर्म हेलिकॉप्टर टिकट शामिल है, जिससे श्रद्धालु बिना लंबी लाइन के सीधे हेलीपैड से बाबा केदार के दर्शन कर सकेंगे। दूसरी विशेष ट्रेन दक्षिण दर्शन यात्रा 5 जुलाई को इंदौर से रवाना होगी। यह ट्रेन इंदौर, उज्जैन, रतलाम, सिहोर, इटारसी, बैतूल और नागपुर स्टेशनों से होकर चलेगी। 9 रातों और 10 दिनों की इस यात्रा में रामेश्वरम, मदुरै, कन्याकुमारी और त्रिवेंद्रम जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे।

### मप्र के 40 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

# रीवा में खंभे गिरे, करंट से किसान की मौत, धार में गाज गिरने से 3 घायल

**विजय मत, भोपाल**

मध्यप्रदेश में मौसम विभाग ने मंगलवार को भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत 40 जिलों में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। मंगलवार सुबह रीवा के चटेह गांव में बिजली के तार की चपेट में आने से एक किसान की जान चली गई। उसकी दो भैंसों की भी मौत हो गई।

यहां सोमवार को आंधी-बारिश की वजह से कुछ पेड़ों के साथ बिजली के खंभे गिरे थे। किसान गोपीकृष्ण मिश्रा भैंसों को चराने ले जा रहा था। इसी दौरान 11 केवी की विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। उधर, धार के कुक्षी में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोग घायल हो गए। एक बैल की मौत हो गई।



### कुछ दिनों तक ऐसा ही मौसम रहेगा

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. अरुण शर्मा ने बताया- प्रदेश में अभी साइक्लोनिक सर्कुलेशन और टर्फ की एक्टिविटी है। इनकी वजह से अगले कुछ दिन तक बारिश और आंधी का असर बना रहेगा। कुछ जिलों में तेज बारिश भी हो सकती है।

खंडवा जिले में भी आकाशीय बिजली गिरने से चार लोग घायल हो गए। खालवा और पिपलोद क्षेत्र में हुई इन घटनाओं में एक छात्रा की स्थिति गंभीर होने पर उसे इंदौर रेफर किया गया है।

### अगले 4 दिन तक बारिश के आसार

मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल मध्यप्रदेश में सात सिस्टम की एक्टिविटी है। एक टर्फ तो प्रदेश के बीचोंबीच से गुजर रही है। इस वजह से आंधी-बारिश का दौर फिर शुरू हो गया है। हालांकि, ग्वालियर-चंबल में पहले लू का अलर्ट जारी किया गया था, लेकिन सिस्टम की एक्टिविटी की वजह से अगले 4 दिन तक बारिश होने के आसार हैं।

### 30 से 50 किमी प्रतिघंटा रहेगी आंधी की रफ्तार

मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए जिन जिलों में अलर्ट जारी किया है, उनमें भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, रीवा, सीधी, सिंगरौली, पन्ना, दमोह, मंडला, बालाघाट, सिवनी, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सागर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, सीहोर, शाजापुर, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, धार, अलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम, मंदसौर और नीमच शामिल हैं। यहां 30 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चल सकती है। कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश भी होगी।

*इन जिलों में सबसे ज्यादा गर्मी रहेगी... मौसम विभाग की मानें तो मई महीने के आखिरी दिनों में ग्वालियर, छतरपुर, नरसिंहपुर, निवाड़ी, मैहर, टीकमगढ़, भिंड, दतिया, खरगोन, बड़वानी, खंडवा, मुरैना, राजगढ़, रायसेन, शाजापुर, श्योपुरकलां, शिवपुरी और विदिशा जिलों में पारा 45 डिग्री या इससे ज्यादा रहने का अनुमान है। ग्वालियर-चंबल संभाग के साथ मालवा-निमाड़ के कुछ शहरों में भी तेज गर्मी रहेगी। छतरपुर के खजुराहो और नौगांव, निवाड़ी के पृथ्वीपुर में पारा 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। भोपाल में पारा 44 से 45 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। जबकि इंदौर, जबलपुर और उज्जैन में भी पारा इतना रह सकता है। बड़े शहरों में ग्वालियर में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ेगी। यहां पारा 46-47 डिग्री के बीच पहुंचने का अनुमान है।*

# जनसुनवाई में दिव्यांग ओमवती को प्रदान की गई ट्राई साईकिल

### जनसुनवाई में 132 आवेदन प्राप्त हुए




**विजय मत, भोपाल**

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 132 आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर एडीएम भूपेन्द्र गोयल, अंकुर मेश्राम, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती इला तिवारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में म. न.- 307 प्रीत नगर कॉलोनी, भोपाल से दिव्यांग श्रीमति ओमवती पत्नी स्व.अर्जुन सिंह को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के आदेशानुसार सामाजिक न्याय निश्शक्तजन कल्याण विभाग द्वारा ट्राई साईकिल प्रदान की गई।

कलेक्टर सिंह ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# इंदौर में 20 मई 2025 को हो रही कैबिनेट बैठक के संदर्भ में जनहित के प्रमुख मुद्दों पर सरकार जवाब देः जीतू पटवारी

**विजय मत, भोपाल**



20 मई 2025 को, राजबाड़ा में देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कैबिनेट बैठक के लिए शुभकामनाएँ देता हूँ। इंदौर, जो स्वच्छता और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, आज कई गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से, मैं निम्नलिखित पाँच ज्वलंत मुद्दों पर आपका ध्यान आकर्षित करते हुए त्वरित और पारदर्शी कार्रवाई की माँग करता हूँ। ये मुद्दे इंदौर की जनता के हित और शहर की गरिमा से सीधे जुड़े हैं।

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए आपके मंत्रिमंडल के मंत्री विजय शाह को कड़ी फटकार लगाई है, उनकी माफी खारिज की है, और गंभीर धाराओं में एफआईआर का आदेश दिया है। इसके बावजूद, उनकी बर्खास्तगी पर कोई निर्णय क्यों नहीं लिया गया? इंदौर, जो देवी अहिल्याबाई की न्यायप्रिय नगरी है, में आज हो रही कैबिनेट बैठक में क्या विजय शाह को मंत्रिमंडल से हटाकर न्याय की मिसाल पेश की जाएगी?

साथ ही, हाईकोर्ट ने पुलिस की लापरवाही पर गंभीर टिप्पणी की है, जिसमें खानापूर्ति के लिए कमजोर धाराएँ जोड़ी गईं। क्या आप उन पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई करेंगे जिन्होंने अदालती आदेश की अवहेलना की, और इसकी जाँच के लिए समयसीमा तय करेंगे?

इंदौर के लिए 'विकास योजना-2041' का मास्टर प्लान कब तक लागू होगा? मई 2024 में विशेषज्ञों की सलाह के बावजूद प्रगति धीमी है। क्या आज की कैबिनेट बैठक में इसकी स्पष्ट समयसीमा और कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जाएगा? इस मास्टर प्लान में ट्रैफिक प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, और सांस्कृतिक धरोहरों को संबोधित करने के लिए क्या ठोस प्रस्ताव पेश किए जाएंगे, ताकि इंदौर की बढ़ती आबादी की जरूरतें, विशेषकर ग्रेटर इंदौर कॉरिडोर और सैटेलाइट टाउन जैसे प्रोजेक्ट्स के माध्यम से, पूरी हों?

# पूर्व मंत्री बघेल समेत परिवार पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज, बहू ने लगाए गंभीर आरोप

**विजय मत, भोपाल**



धार जिले के कुक्षी से विधायक और पूर्व पर्यटन मंत्री सुरेंद्र सिंह बघेल की बहू ने उनके परिवार के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। बहू ने एक वीडियो भी जारी किया जिसमें उन्होंने यह जानकारी दी। पुलिस ने इस बात की पुष्टि की है। पुलिस मंगलवार को पूर्व मंत्री और उनके परिवार के आरोपित सदस्यों को नोटिस देगी। दहेज प्रताड़ना के सारे मामले जमानती हैं, इसलिए आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। पुलिस नोटिस भेजकर मामला कोर्ट में पेश करेगी।

बहू का आरोप है कि पूर्व मंत्री और उनके परिवार वालों ने उसे धोखा दिया। उन्होंने बताया कि उसे यह कहा गया था कि उसका पति एमबीए पास है और वह परिवार का व्यापार संभालता है, लेकिन असल में वह सिर्फ आठवीं पास है। यह मामला भोपाल के महिला थाना में दर्ज किया गया है।

एसीपी महिला अपराध निधि सक्सेना ने बताया कि काम्या सिंह (पति देवेंद्र सिंह) ने शिकायत की है कि विधायक सुरेंद्र सिंह बघेल, उनकी पत्नी शिल्पा सिंह बघेल, मां चंद्रकुमार सिंह बघेल और बहन शीतल सिंह बघेल ने मिलकर उसके पति के बारे में गलत जानकारी दी। शादी से पहले बताया गया था कि देवेंद्र एमबीए कर चुका है और व्यापार संभालता है। लेकिन शादी के बाद पता चला कि वह एमबीए नहीं है, सिर्फ आठवीं पास है। वह शराब भी पीता है और परिवार के व्यवसाय या संपत्ति में उसकी कोई हिस्सेदारी नहीं है।

काम्या ने कहा है कि उन्हें गलत जानकारी देकर शादी कराई गई। जब उन्होंने इस शादी के खिलाफ बात की तो परिवार के लोग उनके साथ गलत व्यवहार करने लगे और धमकी देने लगे ताकि वह चुप रहें। उसके साथ रोज मारपीट भी होती है और उनके बच्चों की स्कूल फीस भी नहीं दी जा रही है।

**खास-खबर** जल गंगा संवर्धन अभियान

# प्रदेश में जल संवर्धन अभियान में जनता और प्रशासन की संयुक्त भागीदारी

**विजय मत, भोपाल**

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरचनाओं के निर्माण और साफ-सफाई के कार्य में निरंतर तेजी आती जा रही है। अभियान में जन-भागीदारी और प्रशासनिक अमला संयुक्त रूप से मिलकर भागीदारी कर रहा है। नदी, तालाबों और चेकडेम की सफाई के साथ बोरी-बंधान के कार्य भी किये जा रहे हैं।

शहडोल जिले के मुड़ना नदी में ग्राम जोधपुर में स्टाप डैम में बोरी बंधान से नदी का जल क्षेत्र 12 घंटे के अंदर हुआ लबालब। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तहसील सोहागपुर के ग्राम जोधपुर से बहने वाली मुड़ना नदी की जलधारा सूख सी गई थी। पूर्व से बनाए गए स्टाप डैम में जन अभियान परिषद की ग्राम



जोधपुर की प्रस्फुटन समिति तथा ग्राम पंचायत ने स्टाप डैम में बोरी बंधान करने का निर्णय लिया। ग्रामीणों के निर्णय से प्रभावित होकर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, एसडीएम सोहागपुर अरविंद शाह और जन सामान्य ने गांव में पहुंचकर श्रमदान किया। बोरी बंधान से धीरे-धीरे मुड़ना नदी के बहाव क्षेत्र में जल स्तर बढ़ने लगा जिसे देखकर ग्रामीण जन प्रसन्न हो गए। पानी भर जाने से गांव के पशु-पक्षियों को पीने का पानी तथा ग्रामीण जनों को निस्तार के लिये पानी की सुविधा उपलब्ध हो गई है।

श्योपुर जिले में कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पीएचई विभाग द्वारा गांव-गांव में लोगों को नलो में टोटियां लगाकर जल का अपव्यय रोकने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत छीताखेडली में नल कनेक्शन में टोटी लगाकर पानी व्यर्थ न फैलाने के लिए ग्राम वासियों को प्रेरित किया गया। ऐसे नल जिनमें टोटियां नही लगी थी, उनमें टोटियां लगाई गई। इस अवसर पर जल संरक्षण के लिए शपथ भी दिलाई गई।

देवास जिले में ÷जल गंगा संवर्धन अभियान'' में नगर निगम देवास द्वारा मीठा तालाब की सफाई की गई। नगरीय निकायों एवं प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जिले में जल की एक-एक बूंद को सहेजने के लिए 30 जून 2025 तक अभियान जारी रहेगा।

# जल संरक्षण और संवर्धन वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकताः मंत्री पटेल

**विजय मत, भोपाल**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने माही नदी के उद्गम स्थल धार जिले के ग्राम मिंडा में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश प्राचीनकाल से जल संरचनाओं का धनी रहा है और इसे नदियों का मायका कहा जाता है। यहां से निकलने वाली नदियाँ देश के बड़े भूभाग को जीवन देती हैं, इसलिए जल संरक्षण और संवर्धन वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है।

मंत्री पटेल ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को जल संकट से बचाने के लिए अभी से ठोस प्रयास करना जरूरी है। उन्होंने विशेष रूप से पौधों और वृक्षों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जल और हरियाली एक-दूसरे के पूरक हैं। जब हम पेड़ लगाएंगे और उन्हें संरक्षित करेंगे, तभी जल स्रोतों को भी जीवित रख सकेंगे। उन्होंने प्राकृतिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने, वर्षा जल संचयन



की पद्धतियों को अपनाने और स्थानीय जल निकायों की स्वच्छता व देखरेख के लिए जनभागीदारी को ज़रूरी बताया। उन्होंने कहा कि गांवों में जल संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देना होगा, तभी इसका वास्तविक लाभ मिल सकेगा।

मंत्री पटेल ने माही नदी के उद्गम स्थल स्थित माही माता मंदिर में पूजन-अर्चन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण एवं विकास के लिए आवश्यक कदम उठाने का भी आश्वासन दिया।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा जेयन ऑफसेट वर्क्स, 119 इनारा हाऊस रायसेन रोड भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं ई.एम.एस. 21 इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित, संपादक-सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला मो.-8889977997
आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2015/66998, (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। Email-vijaymat.bhopal@gmail.com